हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 10 नवंबर 2024

तापमान
अधिकतम 32.6 डिग्री
न्यूनतम 18.4 डिग्री

10 आवारा मवेशियों को रखने सोलह गांव का चयन

11 विद्यार्थियों को समय में आने के बावजूद प्राचार्य नहीं देते प्रवेश करने







## खबर संक्षेप

### घर पहुंच बनेगा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र

**भिलाई।** दुर्ग संभाग के अंतर्गत प्रमुख डाकघरों में पेंशनभोगियों को सेवा प्रदान करने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है।ऐसे पेंशनभोगी जो डाकघर आने में असमर्थ हैं, उन्हें घर पहुँच सुविधा भी डाकघर के द्वारा निर्धारित शुल्क के साथ मुहैया कराई जा रही है। दुर्ग संभाग के सिविक सेंटर भिलाई के प्रवर अक्षीक्षक ने पेंशनभोगियों से अपील की है कि डाकघर की इस सेवा का लाभ प्राप्त करने के लिए अपने नजदीकी डाकघर अथवा अपने क्षेत्र के पोस्टमेन से संपर्क करें।

### वैशालीनगर में पिच्छी परिवर्तन समारोह आज

**भिलाई।** संकल दिगम्बर जैन समाज वैशालीनगर के तत्वावधान में लोकांगन श्री खंडेलवाल जैन भवन वैशालीनगर भिलाई में पिच्छी परिवर्तन समारोह 10 नवंबर को आयोजित किया गया है। दोपहर 1 बजे से यह कार्यक्रम शुरू होगा। शाम 5:30 वात्सल्य भोज होगा। भारत गौरव गढ़नी आर्यका 105 सौभाग्य मति माताजी संघ विराजमान स्थानीय दिगंबर जैन पंचायत मंदिर वैशाली नगर की धर्म साधना चातुर्मास का समापन दिवस है। संजय बोहरा ने बताया कि माताजी की पुरानी धर्म के प्रति विशेष भक्ति साधु सेवा त्याग और नियम का पालन करने वाले को दी जाती है और धर्म मार्ग पर सहयोग देने वाले धर्म प्रेमी बंधुओं के हाथों से नई ग्रहण करती है। साधु संत की त्याग और तपस्या का जिसे हम दूसरे रूप में भक्त और भगवान के संबंधों के रूप में देख सकते हैं।

### शिवनाथ में कूदकर दी युवक ने जान

**भिलाई।** शिवनाथ नदी में कूदकर युवक ने जान दी है। सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुची। तीन गंटे की मशक्कत के बाद युवक का शव नदी से बाहर निकाला गया। मिली जानकारी के मुताबिक युवक ने ग्राम पीपरछेड़ी शिवनाथ नदी ब्रिज के ऊपर से कूद गया। जिससे उसकी मौत हो गई। शव का शिनाख्त खुर्सीपार निवासी अमित कुमार के नाम से हुआ। सूचना मिलने पर टीम में डीप डाइविंग जवान दिनेश चंद्राकर, चंद्रप्रकाश, थानेश्वर धनीराम यादव, इंद्रपाल यादव, आशीष सिन्हा, महेश गंधर्व,सूरज भांडेकर,हबीब खान शामिल थे।

# दहशत का नाम था जोश, पुलिस को ललकारा फिर कर दी फायरिंग, जवाबी एनकाउंटर में हुआ ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कुख्यात अपराधी अमित जोश पहले पुलिस को ललकारते हुए उन्हें आगे बढोगे तो फायरिंग करने की धमकी दे डाली। पुलिस उसे पकड़ने जैसे पहुंची कर्मियों पर दनादन फायरिंग करना शुरु कर दिया। पुलिस ने जवाबी एनकाउंटर में अमित जयंती स्टेडियम के पास झांडियों में ढेर हो गया। अमित जोश का दहशत जिले में ऐसा था कि उसके खिलाफ थाने में शिकायत करने तक लोग कतराते थे। उसके ढेर के बाद सेकट्र के कई लोगों ने राहत की सांस ली है। दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि एनकाउंटर के साथ यह केस खत्म नहीं हुआ है। इसमें कई और गिरफ्तारियां होना बचा है। 25 व 26 जून को दो युवकों पर जबरन अमित जोश ने गोली चलाकर फरार हुआ था। दुर्ग पुलिस ने ताबड़तोड़ कारवाई कर अमित जोश के दोस्तों के साथ उसकी मां, जीजा लक्की जॉर्ज व बहन को पहले पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यही नहीं अमित जोश के कब्जे वाले बीएसपी आवासों को खाली कराया गया। उसके मकान एक पिस्टल भी पुलिस ने जब्त किया। इसके बाद फरार चल रहे अमित जोश को पकड़ने के लिए एसीसीयू की टीम जुटी रही। एनकाउंटर मामले में 12 पुलिस कर्मी शामिल थे। इसके अलाव अपराधी अमित जोश को मदद करने वालों पर भी सामत आने वाली है। पुलिस सबका लिस्टिंग तैयार कर रही है, उसके बाद उन पर बड़ी कार्रवाई किया जाएगा। ग्लोब चौक के आगे पहुंचे उन्हें रमनदीप सिंह, सुनील यादव और आदित्य सिंह पर अमित की नजर गई। अमित और उसके दोस्त तीनों के साथ गाली गलौज कर विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ा कि, अमित जोश ने तीनों युवकों पर तीन राउंड फायरिंग कर दी। घटना में सुनील और आदित्य गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर, डीएसपी हेमप्रकाश नायक, सीएसपी हरिश पाटिल, सत्यप्रकाश तिवारी, एसीसीयू प्रभारी तपेश नेताम समेत पुलिस कर्मी मौजूद थे।

- कुख्यात अपराधी अमित हमेशा लोगों को दहशत में रखता
- अपराधी पर था 40 हजार का इनाम
- भिलाई नगर थाना क्षेत्र की घटना

**एनकाउंटर की पूरी कहानी एसपी की जुबानी**



### झांड़ियों की ओर भागते दिखा

8 नवंबर की शाम को सर्चिंग के दौरान पुलिस की टीम ने अमित जोश को जयंती स्टेडियम के पास देखा। पुलिस को देखकर अमित जयंती के पास स्थित जंगल झाड़ियों की ओर भागने लगा। इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। डीएसपी क्राइम हेम प्रकाश नायक, एसीसीयू प्रभारी तपेश नेताम की टीम मौके पर पहुंचे।

### मरोदा के आधा दर्जन पर भी तलवार लटकी

पुलिस की माने तो कुख्यात अपराधी अमित जोश के मरोदा में रहने वाले साथी रात दिन उसके साथ घूमा करते थे। अमित के इशारे पर घटना को अंजाम देने वाले मरोदा क्वाटर में रहने वालों पर तलवार लटक रही है। सूत्रों ने बताया कि इसमें मरोदा का एक युवक भी शामिल है नेवई क्षेत्र में हुए गोलीकांड में शामिल था। इस मामले में नेवई पुलिस ने जेल भी युवक को भेज चुकी है। ये युवक अमित जोश का खास है, लेकिन एनकाउंटर के बाद से भूमिगत हो गया है। इसकी जानकारी भिलाई नगर के कुछ पुलिस वालों तक हो जानकारी है। लेकिन अब तक युवक पर मेहरबानी हुई लेकिन अमित के एनकाउंटर के बाद इस युवक पर भी बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

### पुलिस वालों को घुसकर मारने की देता था धमकी अमित जोश

मिली जानकारी के मुताबिक गोलीकांड के बाद फरार चल रहे अमित जोश ने पुलिस कर्मियों को धमकी दी थी कि जो उसे पकड़ने आएगा वह पैर पर ही गोली मारेगा। मेरे गिरफ्तारी के बाद मारने वाले पुलिस कर्मियों को चिन्हित कर जेल से छुटकर आने के बाद एक-एक को चुनकर और घर में घुसकर पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दिया था। पुलिस टीम को इसकी जानकारी हुई खोजबीन करना और भी तेज हो गया है। अमित दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में लुक छिप कर रहने की सूचना पुलिस वालों को मिल गई थी। 7 व 8 नवंबर को होटल, लॉज, ढाबा, रेल्वे स्टेशन की चेकिंग एवं नाकेबंदी तेज कर दिया गया। सभी थाना चौकी को अवगत कराया गया था कि अमित जोश शहर में आ गया उसे जल्द गिरफ्तार करना है। इधर एसीसीयू की भी टीम भी उसे खोजने लग गई थी।

### टीम को मिले प्रमोशन: रिकेश



वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने अमित जोश के एनकाउंटर के लिए दुर्ग पुलिस को बधाई दी है। उन्होंने एनकाउंटर टीम को प्रमोशन और सम्मान दिलाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राज्यपाल रामेन डेका को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि जिस बहादुरी के साथ एसीसीयू की टीम ने अपराधी का सामना किया और जवाबी फायरिंग में मार गिराया। टीम सम्मान की हकदार है। साथ ही पुलिस के लिए चुनौती बने असामाजिक तत्वों के लिए कड़ा संदेश के साथ वर्दी पर हमला करने वालों को सबक भी है।

## हत्या की साजिश रचने वाले युवकों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



हत्या की साजिश रचने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जेल भेज दिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि दो दिन पूर्व एसपी जितेंद्र शुक्ला के पास एक वीडियो पहुंचा था। जिसमें आरोपी सुयश अस्पताल के पीछे बीएसपी कॉलोनी थाना सरस्वती नगर जिला रायपुर निवासी मनीष दास मानिकपुरी, शिव वाटिका फेस 1 कोपेडीह अमलेश्वर दुर्ग संदीप शर्मा, चंद्रमा चौक खुर्सीपार बॉबी सिंह और एक युवक अन्य इंस्टाग्राम पर हत्या की साजिश रचने की लाइव बात कर रहे थे। वीडियो में आरोपी भिलाई पावर हाउस के रहने वाले युवक की हत्या करने का प्लान था। छठ पूजा में हत्या करने की साजिश रच रहे थे। छावनी थाना प्रभारी चेतन चंद्राकर ने बताया कि आरोपियों ने प्लान के तहत छठ पूजा के दिन सभी पावर हाउस में इकठ्ठा होने का प्लान कर रहे थे। फिर युवक को ठिकाने लगाने की बात वीडियों में कर रहे थे। सूचना पर छावनी सीएसपी हरिश पाटिल और टीआई चौकन्ने हो गए। छावनी पुलिस ने अमलेश्वर पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने पहले बॉबी सिंह को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर बॉबी ने पुलिस को सारी जानकारी दी। इसके बाद निशानदेही पर पुलिस ने अमलेश्वर थाना क्षेत्र के संदीप शर्मा, मनीष दास मानिकपुरी को भी पकड़ लिया। फरार युवक की तलाश में पुलिस है।

## अधिवक्ता के साथ धोखाधड़ी, जुर्म

**भिलाई।** अधिवक्ता के साथ ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है।धमधा पुलिस ने बताया वार्ड 10 बनिया पारा धमधा निवासी अधिवक्ता अंकित दानी 3 जून को रेपिड मशीन मैनुफैक्चरिंग सूरत गुजरात की कंपनी से गेन्ट्री क्रेन पांच टन वाला खरीदने का सौदा किया। जिसकी कीमत 7 लाख 59 हजार रुपए बताई गई। पीड़ित ने क्रय कर राशि पहले एक लाख रूपये सूरज गुजरात निवासी प्रोपराइटर राजू गोहिल के खाता में ट्रांसफर किया। राशि को राजू गोहिल ने अपने कोटेशन में जमा करना बताया। 7 जून को राजू गोहिल ने गेन्ट्री ट्रेक और उसका ट्रैक कंपलीट होना बताने और शेष रकम 6 लाख 59 हजार रूपये मांगने लगा। पीड़ित बैंक आफ महाराष्ट्र शाखा धमधा से आरटीजीएस के माध्यम से राजू गोहिल के खाता दोबारा उक्त रकम ट्रांसफर किया। पीड़ित ने राजू गोहिल को 7 लाख 59 हजार रुपए किया। लेकिन रुपए ट्रांसफर करने के बाद भी क्रेन नहीं आया।




### हेमचंद यूनिवर्सिटी की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पहल

# कॉलेज पंजीयन फार्म भरने से वंचित विद्यार्थियों के लिए आज अंतिम मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अब प्राइवेट विद्यार्थियों को भी रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। हेमचंद यूनिवर्सिटी द्वारा फिर से सत्र 2024–25 के अंतर्गत विद्यार्थियों को आवेदन फार्म भरने के लिए पोर्टल खोला है। रजिस्ट्रेशन फार्म पहले विद्यार्थी आमतौर पर वार्षिक परीक्षा के समय भरता रहा है। लेकिन नई शिक्षा नीति में बदलाव किया गया है जिसकी जानकारी कई प्राइवेट विद्यार्थियों को नहीं है। इसलिए यूनिवर्सिटी ने 10 नवंबर यानी आज अंतिम मौका दिया है। यह मौका बीए, बीएससी और बी कॉम प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए रहेगा।

### जिस कॉलेज में परीक्षा देना है वहां के लिए पंजीयन

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्राइवेट विद्यार्थियों के लिए यह अभी से जरूरी है कि वे जिस कॉलेज में बैठना चाहते हैं वहां के लिए आवेदन फार्म भर दें। कौन सा सब्जेक्ट में विद्यार्थी अपनी परीक्षा देना चाहता है इसे भी अभी से तय करना है। इस वजह से हेमचंद यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन आवेदन फार्म भरने की तिथि बढ़ाई है।



### इंटर्नल एसेसमेंट भी होगा प्राइवेट का

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत जो विद्यार्थी प्राइवेट में पढ़ाई करेगा उसका इंटर्नल एसेसमेंट भी होना है। 45 दिन विद्यार्थी को उस कॉलेज में प्रेक्टिकल के लिए जाना है। ऑन लाइन पढ़ाई भी इन विद्यार्थियों की होनी है। यदि कोई विद्यार्थी किसी सबजेक्ट में शून्य नंबर भी लाता है तो भी वह परीक्षा में बैठ सकता है लेकिन यदि वह गैरहाजिर रहता है तो उसे एडमिशन कार्ड ही जारी नहीं होंगे। इस वजह से यूनिवर्सिटी द्वारा लगातार विद्यार्थियों को समय दिया जा रहा है।

> “ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सत्र 2024–25 के अंतर्गत प्राइवेट विद्यार्थियों को पहले 23 नवंबर तक रजिस्ट्रेशन करवाने का समय दिया गया था। कई विद्यार्थी यह समझ रहे हैं कि परीक्षा के करीब पहले की तरह फार्म भर लेंगे लेकिन इसमें बदलाव हुआ है। बिना रजिस्ट्रेशन के एडमिशन कार्ड ही जारी नहीं होंगे। इसलिए यूनिवर्सिटी द्वारा विद्यार्थियों को मौका दिया जा रहा है।
>
> -डॉ. राजेश पांडेय,
> अपर संचालक उच्च शिक्षा

## खबर संक्षेप



### कार्यकर्ताओं ने विधायक का किया अभिनंदन

**दुर्ग।** दीपक नगर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक ललित चंद्राकर को कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त होने एवं पर उनके निवास स्थान जाकर अभिनंदन किया गया। जिसमें पूर्व पार्षद विजय जलकारे, बूथ अध्यक्ष ओम प्रकाश सोनी, बूथ अध्यक्ष हरीश साहू, बी डी यादव, निजाम भाई , हरिशंकर शास्त्री, पंडित अशोक शास्त्री, संदीप मानापुरे, श्रीमती अनुसूया साहू, भुवन साहू , सी एस गुप्ता ,श्री देवांगन, राकेश भारद्वाज, राजेश मिश्रा, निरंजन चंद्राकर उपस्थित रहे।

### चतुर्थ श्रेणी कार्मिको एवं एबीजी मशीन की मांग



**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय जहां 500 बेड और 1000 प्लस ओपीडी मरीज स्थानीय तथा अन्य समीपस्थ जिलों से चिकित्सा लाभ के लिए आते है, किंतु चतुर्थ श्रेणी के अंतर्गत पर्याप्त एवं निर्धारित संख्या में वार्ड ब्वॉय और आया नहीं होने के कारण गुणात्मक और सकारात्मक चिकित्सा परिणाम में व्यवधान होता है। कई वार्ड में एक वार्ड ब्वॉय, एक आया को दो अथवा तीन वार्ड की भी सेवा देनी पड़ रही है। इन रिक्त पदों में भर्ती नहीं हो पा रही है। अतः ये प्रभावित कार्मिक परेशान भी रहते है। साथ ही जिला चिकित्सालय के अंतर्गत आईसीयू में एबीजी मशीन की आवश्यकता है। मरीजों की बीमारी की जांच प्रक्रिया में समय और गुणात्मक परिणाम के लिए जीवन दीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर और मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर ने कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को ज्ञापन सौंपा।

### थाना प्रभारी व जनसूचना अधिकारी को अर्थदंड

**दुर्ग।** सूचना का अधिकार के तहत जानकारी प्राप्त करने हेतु आवेदन करने वाले चंद्रिका प्रसाद मधुकर को समय पर जानकारी प्रदान नहीं करने के दोषी पाए जाने पर राज्य सूचना आयुक्त नरेंद्र कुमार शुक्ल ने दो शिकायत प्रकरणों में तत्कालीन थाना प्रभारी थाना कोतवाली दुर्ग व जनसूचना अधिकारी भूषण एक्का पर 25-25 हजार रुपए पृथक-पृथक अर्थात कुल 50 हजार रुपए का अर्थ दंड अधिरोपित किया है। सूचना आयोग ने भूषण एक्का को आदेश की प्रति भेज कर अधिरोपित शास्ति की राशि चालान द्वारा शासकीय कोष में जमा करवाकर आयोग को अवगत कराने के भी निर्देश दिए हैं। आदेश की कॉपी पुलिस अधीक्षक दुर्ग व पुलिस अधीक्षक कबीरधाम को भी आयोग द्वारा सूचनार्थ व पालनार्थ भेजी गई है। भूषण एक्का वर्तमान में थाना पिपरिया, जिला कबीरधाम में थाना प्रभारी के रूप में पदस्थ हैं।

### कोटवारों की बैठक 11 को

**दुर्ग।** तहसील स्तरीय कोटवार संघ की बैठक 11 नवंबर को सुबह 11 बजे से तहसील प्रांगण में रखी गई है। बैठक में संभागीय अध्यक्ष भुवन कौशल, प्रदेश सचिव तामेश्वर सिंह चौहान मौजूद रहेंगे।

# किसानों को इमरजेंसी में मिलेगी एटीएम से दस हजार रूपए की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

धान बेचने के बाद बैंको में लगने वाले भीड को कम करने के लिए राज्य शासन द्वारा इस बार केन्द्रों में ही माइक्रो एटीएम की सुविधा दी जाएगी। जिसके तहत किसानों को इमरजेंसी में दस हजार रूपए तक नगद राशि दी जाएगी। जिसे उनके खाते से बाद में कांट लिया जाएगा। इसकी तैयारी जिले में शुरू कर दी गई हैं।

अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने शनिवार को पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान विभिन्न बिन्दुओं में तैयारियों की जानकारी ली। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि, छोटे, सीमांत और बड़े कृषकों के द्वारा उपजाये गए पूरे धान को निर्धारित समर्थन मूल्य में खरीदा जाए। केंद्रों में शिकायत एवं निवारण के लिए शिकायत पेटी तथा हेल्प लाईन नं. भी चस्पा करना सुनिश्चित करें। वास्तविक किसानों को धान बेचने के पश्चात भुगतान में समस्या न हो। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा पीएफएमएस के माध्यम से सीधे किसानों के खाते में अंतरण किया जायेगा। संयुक्त खाते की स्थिति में परिवार के सदस्य के खाते में भुगतान किया जाएगा। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कैश मैनेजमेंट के संबंध में पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। साथ ही बैंकों में होने वाली अनावश्यक भीड़ से बचने के लिए किसानों के बैंक एटीएम की सुविधा दी जाएगी। एक एटीएम में दो लाख तक वितरण कर सकेगें।

## अपर मुख्य सचिव ने संभाग स्तरीय बैठक लेकर दी जानकारियां

### भुईंया पोर्टल में रकबे का होगा मिलान

हाल ही में गिरदावरी सर्वे के तहत डिजिटल कॉप के माध्यम से प्राप्त बोये गये रकबे का मिलान भुईया एप्प से किया जाएगा। समिति स्तर पर रकबा परिवर्तन की सुविधा नहीं होगी। ऐसे कृषक जिनके द्वारा पूर्व वर्षों में धान का विकय नहीं किया गया है, का एसडीएम से जांच उपरांत ही उपार्जन सुनिश्चित किया जाएगा। पटवारी से लेकर सचिव स्तर के अधिकारियों को शामिल करते हुए तीन स्तरों पर (तहसील, जिला एवं राज्य) मोबाईल एप्प के माध्यम से आकस्मिक निरीक्षण किए जाए।



### धान की रिसाइक्लिंग को रोके

अपर मुख्य सचिव ने धान खरीदी के दौरान रिसाइक्लिंग एवं अवैध धान की खपत को रोकने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि, रिसाइक्लिंग पर नियंत्रण हेतु जिला स्तर पर विशेष तैयारी की जाए। कोचिया एवं बिचौलिया द्वारा खरीदी केन्द्रों में किसान के बचत रकबे में न खपाया जाए। राईस मिलर द्वारा अन्य स्थानों से धान लाकर जमा न किया जाए। उचित मूल्य दुकान स्तर पर चावल की रिसाईकलिंग को रोका जाए।

## नाराजगी : अंतिम प्रकाशन के बाद स्थिति होगी स्पष्ट, नेताओं ने की शिकायत

# अंतिम प्रकाशन के पहले ही विस के वोटरों के सूची से कट गए नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरीय निकाय चुनाव के अंतिम प्रकाशन करने से पहले थोक में राजनीति दलों ने आपत्तियां लगा दी हैं। राजनीतिक दल विधानसभा में वोटिंग करने वाले वोटरों का नाम कांटने से खपा हो गए हैं। जिसकी शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी से भी की गई हैं। बहरहाल नगरीय निकाय के साठ वार्डो में करीब 1238 नामों के कांटे जाने की जानकारी सामने आने हैं, नेताओं के अनुसार इनके द्वारा लगाए गए आवेदन को भी खारिज कर दिया गया हैं।

जानकारी अनुसार कई ऐसे वोटर है, जिन्होने विधानसभा चुनाव में वोटिंग किया है। लेकिन लोकसभा चुनाव में तकनीकि कारण से नाम हट गए हैं। इसे राजनीतिक दलों आयोग की गलती से नाम हटना बताया है। उन्होने नगरीय निकाय में वोटिंग करने निर्धारित प्रारूप के तहत आवेदन भी किया था। लेकिन आयोग द्वारा यह कहकर नाम निरस्त कर दिया गया है कि, इनका नाम लोकसभा की मतदाता सूची में शामिल नही था। नगरनिगम के चुनाव टीम के सदस्य दिनेश देवांगन का कहना है कि, लोकसभा में आयोग की गलती के कारण नाम कट गया था। जिसे आधार बनाना गलत हैं। उल्लेखनीय हैं कि, आगामी नगरीय निकाय चुनाव हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 15 अक्टूबर 2024 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन के बाद 16 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक दावा आपत्ति मंगाने सभी मतदान केंद्रों में शिविर लगाया गया था। जिसमे प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा नाम नए जोड़ने काटने विलोपन तथा संशोधन हेतु आवेदन लिया गया है, जिसमे पूरे शहर के 60 वार्डो से नए नाम जोड़ने हेतु कुल 1236 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसके अधिकांश आवेदन को जांचकर्ता स्थानीय निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा आवेदन निरस्त किया जा रहा है और उनका कारण यह बताया जा रहा है कि, उनका नाम लोकसभा चुनाव के तहत 8 फरवरी 2024 को प्रकाशित की गई मतदाता सूची में पूर्व से दर्ज नही हैं। अभी निकाय के प्रकाशित मतदाता सूची में भी दर्ज नही दिखा रहा हैं।

## अंतिम प्रकाशन आगामी 27 नवंबर को, 30 अक्टूबर तक किया गया निराकरण



### विधायक ने भी कलेक्टर से की शिकायत

विधायक गजेन्द्र यादव ने थोक में नाम कांटने की शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी से की हैं। कलेक्टर ने मामला दिखाने की बात कही हैं। विधायक ने कहा है कि, 30 अक्टूबर तक मतदान केंद्र में प्रारूप क 1 में आवेदन किए सभी पात्र आवेदको का आवेदन स्वीकृत कर उनके नाम मतदाता सूची में जोड़ने की संशोधित आदेश जारी की जाए। इसके पहले महापौधर धीरज बाकलीवाल ने नए वोटर का नाम जोडने निर्धारित 1 जनवरी 2024 को लेकर कलेक्टर के समक्ष आपत्ति जताई थी। उनका कहना था कि, जनवरी के बाद अठारह साल पूरा करने वाले नए युवा वोटर वोटिंग से वंचित हो जाएंगे।

### नए वोटरों ने भी लगाई अर्जी

निकाय चुनाव में बडी संख्या में नए युवा वोटरों ने भी रूचि दिखाई हैं। ऐसे लोगों ने भी मतदान केंद्र में अपना नाम जुड़वाने आवदेन किए है, जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 पूर्ण कर लिए है या उससे अधिक कि आयु हो गई है। किसी कारण वश लोकसभा या विधान सभा चुनाव में नाम नही जुड़वा पाए थे। लेकिन दलों द्वारा आपत्ति इस बात की जताई गई है कि, कई ऐसे मतदाता भी है, जो विधान सभा चुनाव में वोट डाला था, किंतु लोकसभा चुनाव के मतदाता सूची में उनका आयोग की गलती की वजह से विलोपित हो गया था। जबकि उनके सभी परिजन का नाम भी दर्ज हैं, ऐसे मतदाताओं ने भी फार्म क 1 में आवेदन किया है। ऐसे सभी आवेदको का आवेदन स्थानीय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग के नियम को आधार बनाकर सभी आवेदन निरस्त किया जा रहा है। जिसके चलते कुल आवेदन के 95 प्रतिशत आवेदन निरस्त किया जा रहा है।

**केस 1**

### आवेदन खारिज

गयानगर वार्ड के राजेन्द्र वैष्णव विधानसभा में वोटिंग किए थे। लेकिन लोकसभा में सूची से ही नाम हटा दिया गया। उन्होने निकाय में नाम जोडने आवेदन किया। लेकिन आवेदन खारिज कर दिया गया।

**केस 1**

### सूची से हट गया

गयानगर के ही लक्ष्मण सोनी उम्र 65 वर्ष ने विधानसभा में वोटिंग किया था। उनका नाम लोकसभा की सूची से हट गया था। उन्होने भी आवेदन किया, जिसे खारिज कर दिया गया। यही हालात निलेश जैन उम्र 45 वर्ष का रहा।

### सूची में जरूरी

आम निर्वाचन चुनाव की सूची में नाम होना जरूरी हैं। जिसके आधार पर ही निकाय की सूची में नाम जोड़ा जाएगा।
**-विरेन्द्र सिंह,** उप जिला निर्वाचन अधिकारी, दुर्ग

### कट रहे नाम

आयोग से नगरीय निकाय के साठ वार्डो में करीब 1238 वोटरो के नाम कंटे है। जिसमें ज्यादातर विधानसभा में वोट डाल चुके है। लेकिन अभी आवेदन निरस्त हो गया हैं। **-दिनेश देवांगन,** सदस्य, निगम चुनाव भाजपा

# पोस्टमैन घर पहुंचकर बनाएंगे डिजीटल लाइफ सर्टिफिकेट



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पेंशधारियों को राहत देने के लिए डाक विभाग द्वारा अब घर पहुंच जीवित प्रमाण पत्र की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए दुर्ग संभाग के अंतर्गत प्रमुख डाकघरों में पेंशनभोगियों को सेवा प्रदान करने हेतुरडिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। इसकी सुविधा सभी पेंशनधारियों को मिलेगा।

■ पोस्टमैन से संपर्क कर घर पर ही बना सकेंगे

जानकारी अनुसार डाकघर के पेंशनधारियों को 35 और दूसरे बैंक के पेंशनधारियों को सत्तर रूपए में प्रमाण पत्र बनाकर दिया जाएगा। अगर बुजूर्ग डाकघर तक नही पहुंच सकते तो वे पोस्टमेन से संपर्क कर घर में ही इसे बना सकेगें। पेंशनभोगियों डाकघर की इस सेवा का लाभ प्राप्त करने के लिए अपने नजदीकी डाकघर अथवा अपने क्षेत्र के पोस्टमेन से भी जानकारी ले सकते हैं। जानकारी अनुसार समाज कल्याण विभाग में ही 96 हजार से अधिक पेंशनधारी है, जिन्हें पेंशन के लिए हर साल प्रमाण पत्र बनाना जरूरी रहता हैं। अब इसे डिजिटल तरीके बनाया जाएगा।

### हर साल कराने होंगे नवीनीकरण

डाकघर के अधिकारियों ने बताया कि, जीवित प्रमाण पत्र का नवीनीकरण हर साल कराना होगा। क्योकि पेंशन सहित अन्य योजनाओं के लिए प्रमाण पत्र देना जरूरी होता हैं। ऐसे में यह डिजीटल प्रमाण पत्र बनते ही अन्य खातों में स्वमेय यह लिंक हो जाएगा। ऐसे में बार-बार बुजूर्गो को प्रमाण पत्र देने की जरूरत नही पडेगी।

### मंदिर समिति के साधारण सभा की बैठक आज

**दुर्ग।** सार्वजनिक श्री साई महोत्सव समिति, साई मंदिर सिविल लाईन कसारीडीह द्वारा आज 10 नवंबर को दोपहर 12 बजे मंदिर परिसर में साधारण सभा की बैठक और दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। बैठक में कोषाध्यक्ष द्वारा समिति के सत्र 2023-24 के वार्षिक आय-व्यय का आंकेक्षिक पत्रक प्रस्तुतिकरण, आगामी दिसंबर माह में प्रस्तावित 48वें वार्षिक साई महोत्सव की तैयारियों के अलावा अन्य आवश्यक विषयों पर चर्चा की जाएगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए मंदिर समिति के सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल ने सदस्यों से साधारण सभा की बैठक में शामिल होने की अपील की है।

# रोजगार दिवस पर आधार सिडिंग व शिकायत संबंधित दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मनरेगा के निर्माण कार्य की मांग, मजदूरों के आधार सिडिंग व कार्य से सबंधित शिकायत करने एवं जन-जागरूकता अभियान के माध्यम से अधिनियम की जानकारी दी गई। साथ ही कार्य स्थल पर ही ग्राम पंचायतों में गुड गवर्नेंस के लिए निर्धारित मानकों पर कार्यवाही के बारे में बताया गया। प्रत्येक ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत गुड गवर्नेंस को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जा रहा है। गौरतलब है कि, महात्मा गांधी नरेगा के वृक्षारोपण कार्य, नाली निर्माण, डबरी निर्माण, तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, नवीन पंचायत भवन, आंगनबाड़ी, उचित मूल्य की दुकान, निर्माण इत्यादि कार्य निरंतर चल रहे है। वहीं मनरेगा के तहत किसानों के हित के तहत वर्षा की बूंद-बूंद सहेजने हेतु जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। रिचार्ज पिट व सोक पिट निर्माण कार्य बड़ी संख्या में स्वीकृति किये गये तथा नल जल योजना के तहत सभी घरों में पानी की सुविधा दी जा रही है। बहते पानी की रोकने हेतु जागरूकता अभियान चला कर स्वच्छ व शुद्ध जल की जानकारी भी दी जा रही है। ग्रामीण

# आयुक्त ने शहर के मुख्य मार्ग सहित अन्य जगहों से अतिक्रमण हटवाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग




नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने शनिवार को निगम सीमा क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में दैनिक होने वाली सफाई व्यवस्था को देखने के उपरांत दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इदिरा मार्केट, हटरी बाजार क्षेत्र, शनिचरी बाजार, सिविल लाइन सहित अन्य क्षेत्रों का सफाई व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश देते हुए प्रत्येक वार्ड में पानी की निकासी के लिए निर्मित नालियों की सफाई के साथ मुख्य मार्ग, अंदरूनी मार्ग तथा आवागमन के लिए उपयोग होने वाले मार्गों पर नियमित सफाई करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा मुख्य मार्ग के दोनों तरफ किसी भी प्रकार की गंदगी अथवा मिट्टी का ढेर जमा नहीं होने देने के सबंध में चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, प्रभारी कार्यपालन अभियंता आरके जैन, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, स्वच्छता निरीक्षक सुरेश भारती सहित अमला मौजूद रहे। कमिश्नर ने बाजार क्षेत्र में निरीक्षण करते हुए कहा कि दुकानदार को समझाएं कि अपनी दुकान का कचरा बाहर न फेंकें। डस्टबिन में कचरा एकत्रित कर निगम की गाड़ी में डाले। अगर दुकानदारों द्वारा ऐसा नहीं करते है और अपना दुकान का कचरा सड़क में फेंकते पाये जाते हैं तो जुर्माना की कार्रवाही करें। इस दौरान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि निगम कमिश्नर के निर्देशानुसार सफाई व्यवस्था का कार्य निरंतर जारी है। साथ ही शहर के मुख्य मार्गों सहित अन्य जगहों से अतिक्रमण को हटवाने की बात कही। साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलीथिन का उपयोग करते पाये जाने पर होटल एवं अन्य दुकान संचालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई भी की जाएगी।

■ कमिश्नर निकले शहर की सफाई व्यवस्था देखने

## सड़क किनारे घुमंतु मवेशियों को हटाने फिर चलेगा अभियान

# आवारा मवेशियों को रखने सोलह गांव का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सडक पर बैठे आवारा मवेशियों को रखने जिला प्रशासन द्वारा डेढ दर्जन गांव का चयन किया गया है। पूर्व कांग्रेस के गौठान स्कीम के बाद प्रशासन फिर मवेशियों को लेकर नई पहल की जा रही हैं।

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने जिला पंचायत सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर संबंधित विभागों को निर्देश जारी किये। बैठक में सड़क किनारे आवारा पशुओं के बैठने, गौशाला एवं शासकीय भूमि के समतलीकरण हेतु 16 ग्राम पंचायत का चयन किया गया है। दुर्ग ब्लाक में ग्राम पंचायत ननकट्टी, जेवरा चंदखुरी, कोल्हापुरी, खपरी (सी), धमधा ब्लाक में मुरमुंदा, मुर्रा, नंदनी-खुंदनी, पथरिया, कोड़िया, लिटिया, बरहापुर और पाटन ब्लाक में महुदा, किकिर मेटा, मर्रा, केसरा के ग्राम पंचायतों में आवांरा पशुओं को रखने की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

■ प्रशासन का मवेशियों को लेकर नई पहल



### मवेशियों को पकडने टास्क फोर्स का गठन

बैठक में सीईओ ने कहा कि, मुख्य मार्गों पर बैठने वाले पशुओं को हटाने के लिए जनपद स्तर पर जॉइंट टास्क फोर्स का गठन किया गया जाए जिसमें पशु चिकित्सा विभाग, राजस्व विभाग एवं पंचायत विभाग के कर्मचारी संयुक्त रूप से सम्मिलित होंगे। जनपद की टीम में करारोपण अधिकारी विकास विस्तार अधिकारी के नेतृत्व में सचिव, रोजगार सहायक, मेट को आदेशित किया गया है कि, वे पशु चिकित्सा विभाग के साथ समन्वय करते हुए कार्य करें।

### मवेशी मालिक की जिम्मेदारी तय होगी

मुख्य मार्ग के निकट पशुओं के आश्रय स्थल बनाए जाने तथा रख-रखाव की निगरानी की व्यवस्था, कांजी हाउस, गौशालाओं की क्षमता वृद्धि करने और अतिरिक्त गौशालाओं को आवश्यकता के आधार पर आंकलन के अनुसार गौशाला में व्यवस्था किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में पालतू पशुओं के मालिक की जिम्मेदारी तय किए जाने तथा मापदंड प्रावधान प्रस्ताव की जानकारी दी गई। बैठक में जनपद पंचायत पाटन एवं धमधा उपसंचालक पशु एवं सेवा विभाग, कार्यक्रम अधिकारी एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### बहराणा साहेब की 10 को निकलेगी शोभायात्रा

**दुर्ग।** सर्व सिंधी समाज दुर्ग-भिलाई द्वारा 10 नवंबर को बहराणा साहेब का 13 सौ 13 की संख्या में ज्योति कलश की शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा शिवनाथ नदी रोड स्थित पंचवटी मांगलिक परिसर से रात्रि 8 बजे शुरु होगी। शोभायात्रा नदी रोड का भ्रमण करते हुए अंत में शिवनाथ नदी पहुंचेगी। जहां ज्योति कलश का विसर्जन किया जाएगा। शोभायात्रा में शदाणी दरबार रायपुर के संत शिरोमणी साई युद्धिष्ठर लाल, श्री सिंधु अमरधाम आश्रम चकरभाठा बिलासपुर के साई लालदास के अलावा सिंधी समाज के अन्य संत शामिल होंगे। जानकारी देते हुए सर्व सिंधी समाज दुर्ग-भिलाई के सदस्य आसनदास मोहनानी ने बताया कि शोभायात्रा के पूर्व दोपहर 3.30 बजे शिवनाथ नदी रोड स्थित पंचवटी परिसर पर सिंधी समाज के संतो का अभिनंदन किया जाएगा।

# फिर घुमंतू पशुओं पर होगी कार्रवाई अभियान चलाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत पुलगांव गोकुल नगर स्थित गौठान कमिश्नर सुमित अग्रवाल अधिकारियों के साथ पहुंचे। इस दौरान कार्यपालन अभियंता मोहनपुरी गोस्वामी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, शोएब अहमद के साथ उन्होंने सम्पूर्ण गौठान का भ्रमण कर सभी उत्पादों का बारिकी से अवलोकन किया। उन्होंने गौठान के संचालक से जानकारी ली। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने शहर के व्यस्तम एवं मुख्य मार्गों व गलियों पर विचरण करने वाले मवेशियों पर नियंत्रण करने की मुहिम चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्रवाही के दौरान पशु पालकों को समझाइस दे कि अपने पशुओं को खुले में भटकने न दें। यदि ऐसा पाया जाता है तो नियमानुसार कार्यवाही कर पशु को पकड़ने की कार्रवाही की जाएगी तथा पशु पालकों पर जुर्माना किया जाएगा। उन्होंने कहा मुख्य सड़कों पर घुमन्तु पशुओं के बैठे रहने या विचरण करने से दुर्घटना का अंदेशा रहता है और दुर्घटना होने पर वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाता है।

■ आयुक्त ने देखी गौठान की व्यवस्था, दिए निर्देश



# वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ 1 जनवरी से 26 जनवरी 2025 तक

## सब कुछ संभव हो सकती है, अद्भुत उसकी माया, संतश्री माताजी करेंगे युग सम्राट राजसूय महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तीर्थराज देवि निकुंभला राजलक्ष्मी मंदिर जय शक्ति आश्रम ग्राम निकुम संत श्री माताजी निवास में 1 जनवरी 2025 से 26 जनवरी 2025 तक वचनामृत संजीवनी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। भागवत महापुराण से ही संबंधित है कलयुग सम्राट वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ। राजसूय महायज्ञ का विश्लेषण जो जानता है वही जानता है। कई युगों पश्यात हो रहा है राजसूय महायज्ञ।

वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ की रचना अनेकों अनेक प्रकार से चरणबद्ध प्रक्रिया से चलकर पूर्ण होती है। तभी संभव होता है राजसूय महायज्ञ की रचना कर पाना। संत श्री माताजी कहते हैं कि सूर्य, चन्द्रमा, सभी ग्रह, नक्षत्र, तारे, देवी-देवता, चर-अचर, पशु, पक्षी,







मनुष्य व सभी प्राणीयों को प्रणाम हैं जिनकी कृपा से ही यह कार्य संभव होता है, निरंतर 1983 से अनेकों प्रकार के महायज्ञों का आयोजन इस प्रांगण में निकुम ग्राम के इस पावन धरा में निर्विघ्न पूर्ण संपन्न किया गया है।

तत्पश्चात ही कलयुग सम्राट वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ की उत्पत्ति हुई है। छत्तीसगढ़ राज्य आज राज्योत्सव मना रहा है इसके प्रणेता स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी और जितने भी छत्तीसगढ़ राज्य बनाने में सहभागी रहे हैं सभी को मेरा प्रणाम है जिन्होंने छत्तीसगढ़ के सुघ्घर भाषा और व्यक्तित्व की सादगी को जन-जन तक पहुंचाया। छत्तीसगढ़ी बोली व कहावतों की अपनी अलग ही पहचान है। संत श्री माताजी कहते हैं कि 'उतार चढ़ाव बरा कड़ही' वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ की उत्पत्ति की प्रेरक है।

राजसूय महायज्ञ तलवार की धार के समान है। यहाँ कलयुग में कोई अजर-अमर नहीं होता हमें हमेशा माता-पिता का विशेष सम्मान करना चाहिए जो हमारे जनक हैं। राजसूय महायज्ञ किसी छल-कपट को क्षणिक भी बर्दाश्त नहीं करता, स्वमेव ही यथाशीघ्र प्रमाण दिखा देता है। कैसे समझाएं समझ न आए 'जयश्री कृष्ण हरे' राजसूय महायज्ञ की अपार महिमा है। क्रमशः

## खबर संक्षेप

### धमधा में होगा सुवा नृत्य का आयोजन आज

धमधा।धमधा नगर में प्रथम बार छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भब्य सुवा नृत्य का 10 नवम्बर को दईहाँन पारा तमेर पारा स्कूल के मैदान पर शाम 5 बजे से होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रशान्त अग्रवाल पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष, राजेन्द्र ताम्रकार पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विष्णु प्रसाद ताम्रकार पूर्व शिक्षक, विमल चन्द्र ताम्रकार पूर्व शिक्षक, पवन साहू पूर्व पार्षद करेंगे। विशेष अतिथि भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्वेता शर्मा, मार्केटिंग सोसायटी पूर्व अध्यक्ष इन्द्रसेन यादव, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक युवा भाजपा नेता पीयूष ताम्रकार ने बताया कि कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले परिभागी को 3000 रुपये, द्वितीय स्थान वाले को 2000 रुपये तथा तृतीय स्थान वाले को 1000 रुपये नगद पुरुस्कार प्रदान किया जाएगा। साथ ही विशेष परिधान एवं साज सज्जा पर अतिरिक्त पुरुस्कार दिया जाएगा।

### वार्ड 10 की महिलाएं राज्योत्सव में हुए शामिल



**पाटन**। पाटन नगर पंचायत के वार्ड 10 के महिला मोर्चा बीजेपी के प्रमुख सरस्वती देवांगन ने अपने वार्ड के महिलाओं के साथ रायपुर में होने 4 नवम्बर से 6 नवम्बर तक चलने वाली राज्योत्सव में शामिल हुए। राज्योत्सव में महिलाओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। सरस्वती ने बताई कि सुभाष चौक वार्ड 10 के महिलाओं ने कभी राज्य उत्सव अभी तक नही देखी है इस बार देखने का अवसर प्राप्त हुई। महिलाएं बताती है कि राज्य उत्सव हर साल की तरह बनाती है लेकिन गई नही थी जनता से सुनी हुई थी आज घूमने एवं राज्य उत्सव देखने का अवसर प्राप्त हुई। वहीं राज्योत्सव में रेखा यादव, पूजा निर्मलकर, उषा देवांगन , चंद्रकांता देवांगन, प्रभा बाई चक्रधारी, मोतिम धीवर, सरस्वती देवांगन, उषा देवांगन, अनुसूईया देवांगन, सरस्वती देवांगन(टिया) वार्ड क्रमांक 10 महिला प्रभारी आदि महिला उपस्थित थे।

## निधन

### माहेश्वर प्रसाद देशमुख

**अंडा**। मूल ग्राम चंगोरी व



चंदखुरी निवासी माहेश्वर प्रसाद देशमुख का अकास्मिक निधन 9 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार चंगोरी में किया गया। वे शैलेश हरमुख के ससुर व प्रवीण देशमुख, खुशबू देशमुख के पिता थे।

### पार्वती ताम्रकार

**दुर्ग**। मैथिलपारा दुर्ग निवासी पार्वती ताम्रकार उम्र 67 वर्ष का



निधन 8 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे लक्ष्मीनाथ ताम्रकार की पत्नी व प्रवीर ताम्रकार की मां, सतीश, उत्तम ताम्रकार की भाभी और सुकीति, संस्कृति व शिवानी की दादी थीं।

## सोसायटी अध्यक्ष अभी तक नहीं बनाए जाने से किसानों में नाराजगी

# धान खरीदी में रहेगा अधिकारी राज की छाया, कैसे हो पाएगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक किसानों के धान सोसायटियों में इस वर्ष खरीदी की जानी है। लेकिन अभी तक सेवा सहकारी समितियों में अध्यक्ष की नियुक्ति शासन द्वारा नहीं किए जाने से आमजनता के जुबान पर शासन की किरकिरी होने लगी है। किसान स्वतंत्रता दिवस पर सोसायटियों में ध्वजारोहण करने वाले नेताओं को ही सोसायटी अध्यक्ष समझ रहे थे लेकिन अभी तक कोई आदेश नहीं आने से स्थिति हास्यास्पद बनते जा रही है। ध्वजारोहण करने वाले भाजपा नेता भी निरुत्तर है, बल्कि हैरान है कि धान खरीदी की अग्रिम तैयारी में अधिकारी सारे काम निपटा दिए। उन्हें किसी की भी जरूरत नहीं हुईं। किसान इन नेताओं के पास जब अपनी समस्या लेकर पहुंचते हैं तो वो बगले झांकने लगते हैं आखिर वे किस पद दायित्व के हिसाब से वे अधिकारियों के समक्ष अपनी बाते रखे।

### 11 नवंबर से टोकन वितरण होगा शुरू



### सोसायटियों में तैयारियां प्रारंभ

धान खरीदने के लिए सेवा सहकारी समितियां युद्ध स्तर पर तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है। धान तौलने के लिए इलेक्ट्रानिक तराजू, बोरा, टोकन और धान रखने के लिए चबूतरे पर भूसे की बोरियां अचानक वर्षा होने पर तालपत्री तैयारी व्यवस्था की जानकारी देते हुए जिला सहकारी बैंक जामगांव आर शाखा प्रबंधक संतराम सेन ने बताया कि किसानों की समस्या निदान के लिए समिति प्रबंधक पूर्णतः सजग रहेंगे। सेवा सहकारी अध्यक्ष संबंधित कोई भी आदेश प्राप्त नहीं हुआ है।

### ध्वजारोहण करने वाले नेताओं को लोग सोसायटी अध्यक्ष समझे



जामगांव आर सोसायटी में जममगांव आर भाजपा मंडल पूर्व महामंत्री भगवान सिंह चंद्राकर, बटरेल सोसायटी में किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, भरर सोसायटी में मंडल महामंत्री राजेश बंछोर, कुम्हली सोसायटी में मंडल महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया, सुरपा सोसायटी में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, बेलहारी सोसायटी में मंडल उपाध्यक्ष रूपसिंह सिन्हा से स्वतंत्रता दिवस पर उच्च स्तर से प्राप्त आदेश अनुसार समिति प्रबंधकों ने ध्वजारोहण कराए किंतु आदेश के अभाव में उन्हें सोसायटी अध्यक्ष की स्वीकार्यता नहीं दी गई। डॉ. रमन सिंह भाजपा सरकार या कांग्रेस की बीती सरकार में नामित नेता या चुने हुए नेता किसानों के हित में दमदारी से रोल प्ले करते देखे जाते रहे। प्रदेश में भाजपा सरकार बने 1 वर्ष पूर्ण करने के करीब है लेकिन अभी तक सोसायटी अध्यक्ष पर अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं कर पाई जबकि 14 नवंबर 2024 से धान खरीदी प्रारंभ होने जा रही है। भाजपा सरकार की इस अस्पष्ट रवैये को सरकार की कमजोरी के रूप में आम जनता आंकलन करने लगी है। विशेषकर किसान सोसायटी अध्यक्ष नहीं पाकर काफी निराश है।

### सोसायटियों में अनुभवी प्रबंधक सेवा के लिए तैयार

जिला केंद्रीय सहकारी बैंक जामगांव आर शाखा प्रबंधक संतराम सेन ने बताया जामगांव आर सोसायटी में प्रबंधक वीरेंद्र देशमुख , बटरेल सोसायटी में प्रबंधक खुमेश वर्मा, भरर सोसायटी में प्रबंधक विनोद साहू और कुम्हली सोसायटी में प्रबंधक अतुल वर्मा की सेवाएं किसानों को उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि ये सभी प्रबंधक अनुभवी है किसानों को कोई भी समस्या नहीं आएंगी किसान गत वर्ष भी प्रबंधकों से सेवाएं प्राप्त कर चुके हैं। बैंक शाखा प्रबंधक संतराम सेन ने बताया कि 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक धान खरीदी सोसायटियों में की जाएगी। इलेक्ट्रानिक तराजू तौलने के लिए तैयार किए जा चुके हैं किसानों को आधा नया आधा पुराना बोरा उपलब्ध कराए जाने की तैयारी सुनिश्चित की गई है। 11 नवंबर 2024 से टोकन वितरण प्रारंभ किया जाना है। सीमांत एवं लघु कृषक को 2 बार और बड़े किसानों को तीन बार टोकन सुविधा मिल सकेगी। जीपीएस वाली ट्रक ही सोसायटियों से धान परिवहन करेंगे। किसान एक बार में सरना, मोटा, पतला तीनों किस्म का धान सोसायटी ला सकते हैं।

# विद्यार्थियों को समय में आने के बावजूद प्राचार्य नहीं देते प्रवेश करने



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

उदय प्रसाद शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल के प्राचार्य अनिता जोसेफ के रवैये से पढ़ने वाले बच्चे से लेकर पालक त्रस्त हो गए हैं। इस स्कूल के बच्चों को समय में आने के बावजूद प्रवेश नही दिया जाता। वहीं स्कूल के शिक्षक चाहे कितना भी लेट पहुंचे उन्हें प्रवेश करने दिया जाता है। इस तरह हो रहे दोहरे नियम कानून से पालको में स्कूल प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश पनप रहा है। मामले में मिली जानकारी के अनुसार इस स्कूल के लगने का कोई टाईम टेबल नहीं है। जब स्कूल की प्राचार्य स्कूल पहुँचती है गेट बंद कर दिया जाता है। चाहे बच्चे 7 बजे पहुंचे या पहले इस स्कूल का नियम है। जब प्राचार्य स्कूल पहुँचती है उसके पहले बच्चों को स्कूल पहुंचना रहता है। इससे पालक से लेकर बच्चे परेशान हैं कि आखिर कितने बजे बच्चों को पालक स्कूल भेजें। ऐसा नही कि यह समस्या 1 दिन का है ऐसे कार्य लंबे समय से चल रहा है। पालक पेंड्री निवासी डॉ. हर्ष साहू ने बताया कि हम चाहे 7 बजे बच्चों को स्कूल लाये या 7.20 बजे अगर प्राचार्य स्कूल पहुंच चुकी हैं तो बच्चों को लेट बोलकर स्कूल में प्रवेश नही दिया जाता। प्राचार्य को बोलने पर ठीक से बात नही करती और जहां चाहो शिकायत करलो बोला जाता है। पालक कई बार प्राचार्य का शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई कार्यवाही नही करके बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। धमधा वार्ड 6 निवासी राजू वैष्णव ने बताया कि शिक्षिका द्वारा पालकों के साथ अच्छे से व्यवहार नही किया जाता । बच्चों को हम कौन से टाइम में स्कूल लाये समझ नही आ रहा है। शिक्षक को टाइम लेट होने पर भी प्रवेश दिया जाता है इस तरह हो रहे भेदभाव से हमें यह लगता नही कि यह स्कूल शासकीय है। वहीं वैष्णव ने कहा है कि ऐसे प्राचार्य को तत्काल धमधा से हटाना चाहिए ताकि बच्चों के पढ़ाई में कोई बाधा न पहुँच सके। वहीं स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल धमधा के प्राचार्य अनिता जोसेफ से बात किये जाने पर उन्होने कहा कि बच्चे लेट होता है तभी प्रवेश नहीं होने दिया जाता। शिक्षकों के प्रवेश को गलत बताया।

■ उदय प्रसाद शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल के प्राचार्य के रवैये से पालक त्रस्त

# रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर विधायक ललित प्रत्याशी सुनील के लिए मांग रहे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने रायपुर दक्षिण ब्राह्मण पारा, कंकालीन पारा में जनसंपर्क अभियान चलाया। अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक ने घर-घर जाकर पर्ची बाटा और अपनी सरकार के दस महीने और केंद्र सरकार की योजनाओं का गुणगान किया। चंद्राकर ने कहा कि बीजेपी छत्तीसगढ़ के विकास की गारंटी है। कम समय में ही हमने घोषणा पत्र बड़े बड़े वादे पूर्ण किए हैं जिसका सीधे लाभ जनता को मिल रहा है। डबल इंजन की सरकार बनते ही तेजी से विकास हुआ है, रायपुर दक्षिण के विकास के लिए सुनील सोनी ज़रूरी है, जिन्होने पार्षद, महापौर, सांसद रहते जो विकास किया है उसको अनवरत जारी रखने के लिए भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी को 13 तारीख को कमल फूल छाप पर बटन दबाकर भरी मतों से विजय बनना है। बस यही अपील



करने आया हूं जनसंपर्क अभियान के दौरान बड़ी संख्या में बीजेपी के कार्यकर्ता शामिल हुए। खुद सुनील सोनी भी अपने विधानसभा सीट पर लगातार जनसंपर्क अभियान में जुटे हैं। बृजमोहन अग्रवाल भी सुनील सोनी के लिए लगातार प्रचार में जुटे हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, पार्षद सरिता आकाश दुबे, महेश देवांगन, ओम प्रकाश देवांगन, हेमलता देवांगन, दुर्गा देवांगन, अनीता देवांगन, झूमक लाल चौधरी, अजय साहू, योगेंद्र ताम्रकार, प्रेम बीरनानी, आकाश पाण्डे, शुभम शर्मा, बबलू देवांगन आदि उपस्थित थे।

### निकुम बाजार चौक में बैठक आज

**अंडा**। मानस शक्ति केन्द्र निकुम में 10 नवंबर को बाजार चौक में मानस शक्ति केन्द्र निकुम के अंतर्गत आने वालें ग्रामों की मानस परिवारों का बैठक 10 बजे आहुत किया गया है। अध्यक्ष महेश रजक, संरक्षक प्यारे लाल देशमुख सहित आयोजक शिवशक्ति मानस परिवार ग्राम-निकुम उपस्थित रहेंगे।

# कुगदा व उरला रोड पर भारी वाहनों की आवाजाही रोकने सौंपा ज्ञापन

**कुम्हारी**। राजमहंत ओंकार प्रसाद मारकन्डे पार्षद व जिला महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा जिला भिलाई भाजपा ने ग्राम कुगदा व उरला रोड पर भारी वाहनों के आवाजाही को लेकर ट्रैफिक पुलिस एसआई सी पी मारकन्डे को जिला पुलिस अधीक्षक दुर्ग के नाम ज्ञापन सौंपा उन्होंने स्थानीय ट्रैफिक पुलिस को



भारी वाहनों के आवागमन को प्रत्यक्ष रूप से दिखाते हुए इस समस्या से अवगत कराया। पार्षद ने बताया कि कुगदा रोड में भारी वाहनों में हाइवा, दस चक्का ट्रक, डस्ट गाडियां, ट्रेलर आदि वाहन चलती है जिससे गांव वालों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यहां उल्लेखनीय बात यह है कि सड़क के किनारे ही 1 ली कक्षा से 12 वीं कक्षा तक विद्यालय और वहीं एक महाविद्यालय भी है जिनके सामने एक भी ब्रेकर नही है जिससे बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। यही नहीं ग्राम कुगदा में बुधवार और शनिवार को सड़क किनारे पर बाजार भी लगता है। गौरतलब है कि गांव के इस सड़क पर भारी वाहनों के क्षमता योग्य सड़क भी नही बनाया गया है जिससे भारी वाहनों के आवागमन से कुछ ही महीनों में यह सड़क जर्जर और जगह जगह गढ्ढा हो जाता है और तो और सड़क किनारे नगर पालिका कुम्हारी द्वारा लाखों का पेवर ब्लाक लगाया गया है वह भी उखड़ गया है । इसलिए इन भारी वाहनों पर रोक आवश्यक है ताकि किसी भी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लाभेश तलमले पिता दिलीप चंद तलमले, आयु- 41 वर्ष, निवासी- क्वा नंबर- 2/बी, सडक-01, सेक्टर-4 भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के अधिकार व स्वामित्व में मौजा कोहका, प.ह.नं.-19, दुर्ग तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) भूमि खसरा नं.-6526/12 रकबा 0.02 हेक्टर (साइज-35X55 =1925 वर्गफीट), चौहदगी- उत्तर-25 फुट रोड, दक्षिण-बी.सी. प्रसाद एवं आई. आर सहारे का मकान, पूर्व में गायत्री साहू का मकान, पश्चिम में-दास व स्वाई का मकान है, को मेरे पक्षकार/क्रेता-भजन लाल छत्रिआ पिता छबि दास छत्रिआ, आयु-35 वर्ष, निवासी-मकान नंबर-क्यू-8 रैशने अवास नेहरू नगर भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ. ग.) के द्वारा क्रय करने हेतु दिनांक-28.10.2024 को एक इकरारनामा निष्पादित किया गया है। उक्त संपत्ति के विक्रय-क्रय हेतु किसी भी संस्था, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग, वित्तीय संस्था या व्यक्ति को आपत्ति, उजर या दावा आदि हो तो वे इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी दावा आपत्ति आदि प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्त होने के बाद किसी भी प्रकार का आपत्ति/दावा आदि मान्य नही होगा।

सो सूचना जानें...।

दिनांक- 8/11/2024

निखिल महलवार, 'अधिवक्ता'
"नारायण भवन" शिक्षक नगर,
श्री महावीर जैन स्कूल के सामने, दुर्ग (छ.ग.)
मोबाईल नं.-98933-27445, 98279-30577

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बीएसपी के पूर्व जीएम की किताब का विमोचन आज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व महाप्रबंधक ज्ञान चतुर्वेदी की पुस्तक माया-मधुसूदन एक प्रेरक गाथा का विमोचन रविवार प्रगति भवन सिविक सेन्टर में संपन्न होगा। सेल आरएसपी के पूर्व सीईओ जीएस प्रसाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर ओए अध्यक्ष, सेफी चेयरमैन नरेन्द्र बंछोर सहित भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। संगीत संध्या मे ट्रिपल एम के कलाकारों के साथ संगीतकार मानस-शिखर भी देंगे।

### बीएसपी वरिष्ठ क्रिकेट टीम की होगी चयन स्पर्धा कल

**भिलाई।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा 26 से 30 नवम्बर तक बोकारो में एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये बीएसपी के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, इंदिरा प्लेस में 11 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है। इसमें बीएसपी की टीम का चयन किया जाएगा। चयन स्पर्धा में भिलाई इस्पात संयंत्र के नियमित कार्मिक खिलाड़ी भाग ले सकते है। भाग लेने के लिए 11 नवम्बर को दोपहर 1. 30 बजे से पूर्व बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, इंदिरा प्लेस में निम्न चयनकर्ताओं श्री देवेष बनर्जी तथा श्री मोहन दास के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

### सूने मकान का ताला टूटा

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि स्ट्रीट 21 वार्ड 18 कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला निवासी चैन सिंह साहू छावनी में ऑपरेटर काम करता है। 1 नवंबर को मकान में ताला जड़कर परिवार के साथ ग्राम चिचा अर्जुन्दा जिला बालोद दीपावली मनाने गए हपए थे। 7 नवंबर की पीड़ित अपने काम पर निकल गया। दूसरे दिन सुबह काम से लौटने पर मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। आलमारी के भीतर से अज्ञात ने सोना चांदी के जेवरात नगदी दो हजार गायब मिला।

# मैत्रीबाग में नए मेहमान, पर्यटकों के आकर्षण केंद्र बने मगरमच्छ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में लंबे समय के बाद छह नए मेहमान आए हैं। अपने कैज में दो क्रोकोडायल सहित चार बार्किंग डियर पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुए हैं। इनके अलावा एक अन्य मादा मगरमच्छ को भी जनवरी महीने में यहां लाया जाएगा। भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी विभाग के मैत्रीबाग में प्रबंधन के प्रयास से वन्यप्राणी विनिमय के अंतर्गत, सेंट्रल जू ऑथारिटी द्वारा दो मगरमच्छ और चार बार्किंग डियर लाने की अनुमति प्राप्त हुई थी। इसके तहत मैत्री बाग जू में एक नर मगरमच्छ औरदो नर और दो मादा बार्किंग डियर लाया गया। इन्हें केज में छोड़ा गया है ।यह वन्यप्राणी विनिमय, सेंट्रल जू ऑथोरिटी द्वारा प्राप्त अनुमति के अंतर्गत मैत्री बाग जू और बिलासपुर के कानन पेंडारी जू के मध्य किया गया। इसके तहत 20 सांभर के बदले 2 मगरमच्छ व 4 बार्किंग डियर यहां लाए गए। शेष बचे एक मादा मगरमच्छ को कानन पेंडारी जू की टीम द्वारा, तब मैत्री बाग जू लाया जायेगा जब इन 20 सांभरों को भिलाई से बिलासपुर ले जाया जायेगा। मैत्री बाग में इस मादा मगरमच्छ को इस महीने के अंत तक लाना अनुमानित है। साथ ही मैत्री बाग जू प्रबंधन द्वारा 1 जोड़ी भालू, 2 ऑसट्रिच तथा 1 जोड़ी मोर को भिलाई लाने के लिए सेंट्रल जू ऑथोरिटी को प्रस्ताव भेजा गया है। यह सभी जानवर 20 सांभरों के विनिमय में ही शामिल है। वन्यजीव विशेषज्ञ, भिलाई मैत्री बाग प्रभारी एवं महाप्रबंधक डां. एन के जैन ने बताया कि सेंट्रल जू अथॉरिटी के मार्गदर्शन अनुसार ही इन वन्यप्राणी विनिमय की जाता है।

## वन्य प्राणी विनिमय के तहत कानन पेंडारी से लाए क्रोकोडायल व डियर



### बार्किंग डियर की उम्र 10-12 वर्ष होती है

10 वर्ष के नर मगरमच्छ की लम्बाई 8 से 9 फिट है, जो एक साल्ट/फ्रेश वाटर क्रोकोडाइल है। यह मस्क क्रोकोडाइल की तुलना में काफी लंबा और वजनी होता है। साल्ट/फ्रेश वाटर क्रोकोडाइल ज्यादातर पानी में रहना पसंद करते हैं और ठंड के मौसम में ग्रास्पिंग करने पानी से बाहर आकर धूप में बैठते हैं। कभी कभी यह काफी लंबे समय (3-4 घंटे) के लिए धूप में रहना पसंद करते हैं। इनकी औसत आयु 40-50 वर्ष की होती है। बार्किंग डियर, जो हिरणों की सबसे छोटी प्रजाति है, अपने आसपास शेर या तेंदुआ होने पर कुत्तों की तरह आवाज निकलकर अपने अन्य साथियों को सतर्क करते हैं। इनकी केनाइन टिथ काफी बड़े होते हैं, जिसके कारण कभी कभी ये आपसी लड़ाई में अपने साथियों को घायल भी कर देते हैं। मैत्री बाग में लाये गए बार्किंग डियर की आयु 5-6 वर्ष है। इनकी औसत आयु 10-12 वर्ष की होती है।

## वेतन समझौता से मिलेगी बीएसपी के पच्चीस हजार मजदूरों को शोषण से मुक्ति

# नियमित कर्मियों की तरह श्रमिक कर रहे मेहनत, न्यूनतम वेतन के लिए भी तरसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के हजारों ठेका मजदूरों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। वर्षों बाद भी ठेका कंपनियों के चौतरफा शोषण से उन्हें निजात नहीं मिल पाई है। इसके चलते उन्हें भारी आर्थिक तंगहाली का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में प्रबंधन के साथ श्रम विभाग और सरकार भी उदासीन बने हुए हैं। ट्रेड यूनियनों ने कर्मचारियों की तरह श्रमिकों के जीवन स्तर में बदलाव की मांग की है।

बीएसपी में 25 हजार ठेका मजदूर काम कर रहे हैं। पूरे में इनकी संख्या पचास हजार से ऊपर है। पिछले पचास से श्रमिक नियमित कर्मचारियों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर उत्पादन का कीर्तिमान रचने में अहम योगदान दे रहे हैं। लेकिन दोनों के वेतन और अन्य सुविधाओं में जमीन आसमान का अंतर है। यूनियनों के मुताबिक बीएसपी में ठेकेदार ठेका मजदूरों का शुरु से चौतरफा शोषण कर रहे हैं। हालत अब बद से बदतर होती जा रही है। वर्षों से यूनियनें मजदूरों के वेतन समझौता तय कर एस - 11 कर्मचारियों के बराबर वेतन और बोनस सहित सभी सहूलियतें और सामाजिक सुरक्षा आदि उपलब्ध कराने की मांग कर रही हैं। लेकिन इस मामले में सरकार जीवंतता दिखा रही है न ही निर्वाचित जन प्रतिनिधि ही सरकार पर दबाव बनाने का नैतिक साहस दिखा रहे हैं। इतना ही नहीं अधिकतर मजदूरों को उनकी नियोक्ता निजी कंपनियां निर्धारित न्यूनतम वेतन व बोनस नहीं दे रही हैं। लेकिन सरकार, श्रम विभाग व प्रथम नियोक्ता सेल व बीएसपी सालों बाद भी जिम्मेदार ठेकेदारों पर पर कार्रवाई कर रहे हैं। महज 4 से 7 हजार पगार में मजदूर किस तरह आज की आसमान छूती महंगाई के दौर में परिवार चलाते होंगे, इसकी कल्पना कर्णधार कल्पना कर सकते हैं। यूनियनों ने बताया कि जिम्मेदारों की वर्षों की इसी कुंभकर्णी अकमर्ण्यता के चलते ही मजदूर के बच्चे मजदूर बन रहे हैं। गाहे बगाहे यदि कोई बच्चा साहब बन जाता है तो लोगों के लिए व आश्चर्य का विषय होता है।

## यूनियनों ने की प्रबंधन और सरकार से जीवन स्तर ऊपर उठाने की मांग



### बुलंद नहीं मजदूरों की आवाज

सेल के सबसे बड़ा प्लांट में मजदूरों की क्या स्थिति है, इसका सहज अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि वर्तमान में ठेका मजदूरों के बीच काम करने वाली सालभर पूर्व गठित एकमात्र ठेका श्रमिक संगठन स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक है। बाकी नियमित कर्मचारियों के लिए दर्जनभर ट्रेड यूनियन हैं। हालांकि सभी यूनियनें ठेका श्रमिकों के हितों की बात करती हैं लेकिन फोकस नियमित कर्मियों पर ही होता है। 3 सौ से अधिक मजदूरों वाले औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में तो मशहूर श्रमिक नेता शंकर गुहानियोगी की हत्या के बाद छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के बिखरने के पश्चात एक भी श्रमिक संगठन सक्रिय नही है। इसका खामियाजा औद्योगिक क्षेत्र के साथ बीएसपी के हजारों ठेका मजदूरों को चौतरफा शोषण के रुप में भुगतना पड़ रहा है। श्रमिक संगठनों ने बताया कि मजदूरों को कार्य स्थल से लेकर निवास श्रमिक बस्ती तक अभाव व तनाव ही है, बीएसपी की साठ साल की तमाम उपलब्धियों में उनका योगदान कर्मियों से जरा भी कम नहीं है। इसे देखते हुए श्रमिकों का जीवन स्तर ऊपर उठाने सरकार व प्रबंधन को एक समय सीमा तय कर परिणाम देने अपनी जीवंतता दिखाने की जरुरत है।

### अधिकतर न्यूनतम वेतन को तरसे

बीएसपी में श्रमिकों को हर प्रकार के काम करने के बाद भी कर्मियों की तरह वेतन, भत्ते, बोनस आदि सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। यदि श्रमिक निर्धारित वेतन या कटौती नहीं करने की बात करता है तो उसे गेट पास छीन लेने की ठेकेदार धौंस देता है। बहुत कम श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी दी जा रही है। एचएसएलटी श्रमिकों का निर्धारित दैनिक वेतन 480 रुपए अकुशल श्रमिकों का 421, अर्धकुशल का 446, कुशल श्रमिकों का 476 और अति कुशल श्रमिकों का दैनिक वेतन 506 रुपए निर्धारित है। लेकिन भुगतान को लेकर आन पेपर व जमीनी स्थिति बहुत भिन्न है,जो कर्णधारों के लिए बड़ी चुनौती है। यूनियनों के मुताबिक केंद्रीय यूनियनों के आह्वान पर कर्मियों व श्रमिकों की बीएसपी में हुई सेलव्यापी हड़ताल में भी ठेका मजदूरों के वेतन समझौता व बोनस की मांग दोहराई गई है लेकिन अब तक नतीजा शिफर है।

# खो-खो स्पर्धा में बालिका टीम ने जीता रजत पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी की खो-खो बालिका टीम ने 10 वीं जूनियर राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो-खो संघ और जिला एमेच्योर खो-खो संघ, राजनांदगांव द्वारा 5 से 7 नवंबर तक लाटमेटा, जिला राजनांदगांव में आयोजित की गई थी। बीएसपी टीम ने सेमीफाइनल में बिलासपुर की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में दुर्ग जिले की टीम से कड़े मुकाबले के बाद 2 अंकों से हार का सामना करते हुए उपविजेता का खिताब प्राप्त किया।बीएसपी टीम की खिलाड़ी कुमारी झमीता साहू को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड से नवाजा गया। टीम का नेतृत्व कप्तान कुमारी अनुराधा सिंह ने किया और झमीता साहू, नम्रता यादव, सिमरन देशलहरा, युक्ता सिंह, रोशनी, अनादिता, खुशबू, उर्मिला, गिरिजा, खुशी सूर्यवंशी, और क्रिनशी गजपाल ने मिलकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम के कोच सिकंदर भारती और प्रबंधक कुसुम मांझी थे।

### सम्मान समारोह में हुई हौसलाअफजाई

टीम के खिलाड़ियों की हौसलाआफजाई के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बीएसपी खो-खो क्लब के अध्यक्ष व बीएसपी के महाप्रबंधक संजय कुमार ने टीम की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा, "बीएसपी खो-खो क्लब की बालिका टीम ने अपनी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट खेल कौशल से यह गौरवपूर्ण सफलता अर्जित की है। उन्होंने कहा कि भिलाई ऐसा स्थान है जहां खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। कमलजीत अरोरा व महासचिव तरुण शुक्ला द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया । 8 से 10 नवंबर तक झीट, पाटन में एडवेंचर ट्रॉफी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ के शीर्ष 10 जूनियर बालिका क्लब और 10 सब-जूनियर बालक क्लब हिस्सा ले रहे हैं।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

# पारदर्शी होगी पुलिस भर्ती आईजी ने जारी किया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ लेनदेन की जानकारी पर होगी कार्रवाई

आईजी रामगोपाल गर्ग ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि पुलिस भर्ती में पूरी तरह पारदर्शिता में होगी। एसपी दुर्ग, बालोद, बेमेतरा में आरक्षक भर्ती प्रक्रिया को लेकर दिशा-निर्देश जारी किया है। जिसके लिये प्रवेश-पत्र जारी करने की प्रक्रिया चल रही है।

पूर्व में असामाजिक तत्वों द्वारा आमजन भर्ती के प्रतिभागियों को भ्रमित कर पुलिस भर्ती, अन्य भर्तियो में नियुक्ति दिलाये जाने के नाम की शिकायतें मिली है। आरक्षक भर्ती में निष्पक्षता और पूर्ण पारदर्शिता का पालन किया जाता है। किसी असामाजिक तत्व या किसी पुलिसकर्मी के खिलाफ कोई शिकायत मिलती है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों को जागरूक करने के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है। भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यार्थियों की नियुक्ति नियमों के अधीन उनकी योग्यता एवं दक्षता के अनुरूप ही होगी। किसी भी प्रकार का प्रलोभन देने वाले दलालों या असामाजिक तत्वों के बहकावे में न आये। यदि किसी व्यक्ति द्वारा भर्ती कराने के नाम पर पैसे की मांग की जाती है तो यह एक एक गंभीर अपराध है। सूचना तत्काल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को सीधे दी जा सकती है। यह भी अवगत कराया जाये कि भर्ती कराने के नाम पर भ्रष्टाचार कर पैसे लेने वाला व्यक्ति जितना दोषी है। इस कृत्य में पैसे देने वाला व्यक्ति भी दोषी होता है। एसपी दुर्ग और भर्ती समिति अध्यक्ष यह सुनश्चिति करें कि भर्ती प्रकिया में नियमों का पूर्ण पालन हो।

# मवेशियों का किया टीकाकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ पशुओं में लॉपी बीमारी का किया गया उपचार

सांसद विजय बघेल के निर्देश पर भिलाई 3 वार्ड शीतलापारा, महामायापारा बाजार चौक, शांति पारा में आवारा और घरेलू पशुओं को लॉपी बीमारी का टीकाकरण किया गया। सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, वरुण यादव ने भिलाई 3 बाजार चौक में घूम रहे मवेशियों को देख कर लक्षण मिलने वाले मवेशियों का टिकाकरण किया। भिलाई तीन पशु चिकित्सक से मिलकर टीकारण के लिए बात किए डॉ ने अपने कर्मियों वीरेंद्र चंद्राकर और उत्तम साहू को भेजा। 60 मवेशियों का टीकाकरण किया गया। 12 नवंबर मंगलवार को भी टीकाकरण होना है। सांसद प्रतिनिधि ने पशु पालकों व आम नागरिकों से आग्रह किया है कि मवेशियों में उक्त लक्षण दिखने पर पशु चिकित्सत को जानकारी दे। इस दौरान डॉ बालमुकुंद वर्मा, कल्लू राजपूत, भारत तिवारी, उमेश साव मौजूद थे।

# विधायक रिकेश के निरंतर बढ़ते प्रभाव और लोकप्रियता से घबरा गए हैं कांग्रेसी

## पूर्व सभापति ने कांग्रेस के नेताओं के कदम पर किया पलटवार

**भिलाई।** भिलाई नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र सिंह अरोरा ने कहा है कि वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन की राजनीतिक उपलिब्धयां, निरंतर बढ़ते प्रभाव और जन लोकप्रियता से कांग्रेसी घबरा गए हैं। तभी तो उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जैसे वरिष्ठ नेता रिकेश सेन के खिलाफ एक छोटी सी घटना की कुछ सेकंड की वीडियो क्लिपिंग सोशल प्लेटफार्म पर पोस्ट कर रहे हैं। इससे बड़ी दुर्भाग्य की बात और क्या हो सकती है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के पास देश हित का कोई मुद्दा नहीं है। भिलाई की एक छोटी सी घटना को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता प्रतिक्रिया जाहिर करने में व्यस्त हैं। अरोरा ने कहा है कि कांग्रेस के ये नेता तब कहां थे जब इनके एक विधायक बलौदाबाजार में शांति पर क्रांति और लोकतंत्र की आड़ में अराजकता फैलाते हुए कलेक्ट्रोरेट और एसपी कार्यालय को फूंकवा दिए। इनके मुंह तब क्यों सिले हुए थे जब सूरजपुर में इनके छात्र विंग एनएसयूआई का कार्यकर्ता एक पुलिस जवान की मासूम बेटी और पत्नी को मार डाला। तब इनकी संवेदनाएं क्यों नहीं जागी? तब इनका मानवीय दृष्टिकोण कहां था? अरोरा का कहना है कि पिछड़ा वर्ग और उनमें भी अति पिछड़ा वर्ग नाई समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले सच्चे छत्तीसगढ़िया लगातार पांच बार पार्षद निर्वाचित और रिकॉर्ड मतों के अंतर से विधानसभा चुनाव जीतने वाले रिकेश सेन की बढ़ती लोकप्रियता से कांग्रेस खासतौर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपना राजनीतिक वूजद खतरे में महसूस हो रहा है।



10 जनवरी 2025
मकर संक्राति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
राशि: स्लीपर- 17,500/-, 3AC-27,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

## युवा कांग्रेस के दीप सारस्वत ने केंद्रीय मंत्री गडकरी को वस्तुस्थिति से कराया अवगत

# बोगदा पुलिया की ऊंचाई बढ़ाने किसानों ने केंद्रीय मंत्री से की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टेडेसरा से अंजोरा, थनौद, मचांदुर, उतई, पाटन के रास्ते अभनपुर तक नए सिक्सलेन का काम तेजी से चल रही है। इस बायपास के बनने के बाद रायपुर होकर हावड़ा की तरफ जाने वाले भारी वाहनों का ट्रैफिक डायवर्ट होगा। नेहरूनगर से रायपुर तक ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। इस कार्य के दौरान थनौद में एक बोगदा पुलिया का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी हाईट महज 4 मीटर है। इससे नीचे से भारी वाहन नहीं गुजर पाएंगे। धान खरीदी के दौरान इस मार्ग से वाहन नहीं निकल पाएंगे। इसके आसपास सर्विस लेन भी नहीं दिया जा रहा है। इस तकनीकी दिक्कत को लेकर थनौद, बिरेझर, चंगोरी के ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से इस पुलिया की ऊंचाई बढ़ाने की मांग की है। तीनों गांवों के प्रतिनिधि के रूप में कांग्रेस नेता दीप सारस्वत रायपुर में नितिन गड़करी से मिले। उन्होंने वस्तु स्थिति से अवगत कराया। इस बर नितिन गडकरी ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया कि पुलिया की ऊंचाई बढ़ाई जाए। ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

सारस्वत ने बताया कि थनौद, बिरेझर और चंगोरी शिवनाथ नदी के तट पर बसा हुआ है। इसके कारण यहां प्रतिवर्ष बरसात के समय बाढ़ का सामना करना पड़ता है। इससे किसानो को नुकसान सहना पड़ता है। वर्तमान में भारतमाला परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें ग्रामीणों के आवागमन के लिए अंडरपास की ऊंचाई एवं गांव के नाले एवं नदी में पुल निर्माण कार्य की जा रही है जिससें ग्रामीणों को समस्याओं को सामना करना पड़ेगा।



### शिल्प ग्राम थनौद में बनती हैं ऊंची-ऊंची प्रतिमाएं

थनौद बायपास मार्ग विपश्यना साधना केन्द्र के पास अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसकी ऊंचाई 4 मीटर है, क्योकि यह मार्ग गांव की कृषि एवं धान परिवहन का मुख्य मार्ग है एवं शिल्प ग्राम होने से यहां 2022 फीट का मूर्ति भी बनती है। ऊंचाई 4 मीटर होने की वजह से बड़े कृषि यंत्र जैसे हार्वेस्टर सहकारी धान केन्द्र से बड़े परिवहन वाहनों का अवागमन एवं बड़े मूर्ति का आवाजाही इत्यादि अवरूद्ध होगा अतः ब्रिज की ऊंचाई 6 मीटर किया जाये। बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र होने की वजह से सड़क पर मिट्टी निर्माण के स्थान पर नाला से 500 मीटर पहले से शिवनाथ नदी तक कालम पद्धति से पुल निर्माण किया जाए ताकि बाढ़ की सम्भावना को कम किया जा सकें एवं किसानों के कृषि कार्यों हेतु आवागमन की सुविधा हो। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर दुर्ग जिलाधीश को दिनांक 08/04/2024 को अवगत कराया गया था, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
27 नवंबर से 07 दिसंबर 2024
08 जनवरी से 18 जनवरी 2025
19 फरवरी से 01 मार्च 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग
राशि:-स्लीपर-16500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 10 रविवार 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129


02



प्रभातफेरी में कीर्तन करने नाम जपने का दे रहे संदेश

लाइव इवेंट

## साहित्यकार सीताराम और बलदाऊ राम का हुआ सम्मान



**दुर्ग।** वीणापाणि साहित्य समिति द्वारा काव्य गोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। साहित्यकार सीताराम साहू "श्याम" और पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष बीके वर्मा, अविरल समग्र विकास एवं जनकल्याण समिति मीनाक्षी नगर अखिलेश शर्मा के आतिथ्य में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में बलदाऊ राम साहूजी अध्यक्ष हिन्दी साहित्य भारती एवं सदस्य छ.ग.शासन पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग आमंत्रित थे। समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन ने बताया कि वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की घोषणा के पूर्व संध्या से ही यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। समारोह की दृष्टि से इस वर्ष 25 वां आयोजन है। प्रतिवर्ष किसी विशेष क्षेत्र में ख्यातिप्राप्त व्यक्तित्व का सम्मान किया जाता है। इस वर्ष सीताराम साहू "श्याम" तथा बलदाऊ राम साहू का सम्मान किया गया।

- वीणापाणि साहित्य समिति का सम्मान समारोह

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बलदाऊ राम साहू ने "छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परंपरा" विषय पर विचार रखते हुए कहा कि हमें अपने पर्व व परंपराओं निहित भाव तत्व को समझना होगा। छत्तीसगढ़ की संस्कृति जो निहित भाव तत्व है व अनोखा है। कहीं मानवीय भाव है तो कहीं वैज्ञानिक दृष्टिकोण। हमारे बुजुर्गों ने पर्वों के साथ जीवन से जुड़े तत्वों का समावेश किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के पर्वों को कृषि परंपरा से जोड़ते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति कृषि पर आधारित है, कहीं द्रविड़ संस्कृति तो कहीं आर्य संस्कृति का दर्शन होता। सीताराम ने कालजयी रचना बूझो बूझो गोरखना अमरित वानी तथा बेटी मया के खदान होथे सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में विजय गुप्ता, अनूप दुबे, हर्ष साहू, डॉ. संजय दानी, घनश्याम सोनी, शारदा प्रसाद पाण्डेय, राजनारायण वास्तव, दिनेश गुप्ता, गोपाल शर्मा, कमलेश तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चार कर बटोरी तालियां, रामलीला पर मिला सम्मान





**दुर्ग।** शहर की समाजसेवी संस्था वैदिक गुरुकुल के तत्वावधान में जिले के बच्चो के लिए मैथ्स कंपीटिशन का आयोजन खालसा पब्लिक स्कूल में किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में बच्चों ने भा लिया। साथ ही बच्चों के अभिभावकों के लिए पैरेंटिंग एवं न्यूट्रिशियन पर सेमीनार का आयोजन किया गया। इसमें शहर के विधायक गजेंद्र यादव, भाजपा नेत्री डॉ. मानसी गुलाटी, चिरंजीव जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता ताराचंद शर्मा, अशोक राठी, सुरेंद्र कौशिक, वेदांतु के डायरेक्टर अंकेश कुमार, सिम्बेल के डायरेक्टर गुरविंदर सिंह अरोरा, लीलानंद कारा, खालसा पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, प्रिंसिपल सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर बच्चो के बौद्धिक विकास एवं बेहतर स्वास्थ पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही गुरुकुल प्रभारी आशीष शर्मा ने गुरुकुल के उद्देश्य, कार्य एवं आगामी कार्यों पर प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम दो सेशन में हुआ। इसमें गुरुकुल के बच्चों द्वारा मंत्रोच्चार, रामलीला का मंचन एवं श्लोक, शास्त्रों के बारे में बताया गया। इस सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजय अग्रवाल, गोपाल कृष्ण शर्मा, मेघा राठी, पूनम यादव, आशीष अग्रवाल, सुकृति ठाकुर, ममता टावरी, अनुज अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया। आयोजन में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि स्कूली बच्चों के लिए खेल व सांस्कृतिक आयोजन जरूरी है। इससे उनका मानसिंक विकास तेजी से होती है। उनमें जीतने की ललक पैदा होती है। इसका स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। संस्था द्वारा इस प्रकार के आयोजन लगातार किए जा रहे है। पहले भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। साथ ही प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित भी किया गया।

- वैदिक गुरुकुल संस्था के तत्वावधान में खालसा पब्लिक स्कूल में आयोजन
- बौद्धिक विकास और बेहतर स्वास्थ्य को लेकर परिचर्चा भी हुई





● देवउठनी एकादशी पर घर-घर सजेगा गन्ने का मंडप, होगा तुलसी विवाह

# देवउठनी एकादशी के साथ चार महीने से सोये देवता जागेंगे, बजेगी शहनाइयां, शुभ कार्य भी होंगे शुरू

**भिलाई।** देव प्रबोधिनी एकादशी या देवउठनी एकादशी को 12 नवंबर को मनायी जाएगी। 4 माह बाद भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागेंगे। मान्यतानुसार भगवान विष्णु आषाढ़ी पद्मा एकादशी को शयन किए थे। कार्तिक माह की एकादशी तिथि पर जागने के बाद विवाह आदि मांगलिक कार्य आरंभ हो जाएंगे।इस बार एकादशी तिथि 11 नवंबर को संध्याकाल 6 बजकर 46 मिनट पर शुरु होगी और 12 नवंबर की शाम को 4 बजकर 4 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में सूर्योदय से गणना की जाती है इसलिए 12 नवंबर को ही देवउठनी एकादशी मनाई जायेगी।

## भगवान शालिग्राम और माता तुलसी का विवाह कर मनाई जाएगी देव प्रबोधिनी एकादशी

### आकर्षक तुलसी चौरा से सजे बाजार

मंगलवार को प्रबोधिनी एकादशी जिसे छोटी दिवाली भी कहा जाता है उसे धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे देखते हुए मार्केट में एक से बढ़कर एक तुलसी चौरा से बाजार सजे हुए है। मार्बल के तुलसी चौरा से लेकर मिट्टी और सीमेंट के बने तुलसी चौर ग्रामीण क्षेत्रों से बाजार में आए हुए है। इन सभी की दाम भी अलग-अलग है। मार्बल की तुलना में मिट्टी और सीमेंट निर्मित तुलसी चौरे की बिक्री अधिक हो रही है।

### द्वादश अक्षर महामंत्र का करें जप

ज्योतिषाचार्य पं विनोद चौबे ने बताया कि श्रीमद्भागवत पुराण में देवउठनी एकादशी को ब्रह्म और जीव के बीज निर्भेद की अवस्था का महापर्व माना गया है। इस दिन भगवान विष्णु का दिव्य श्रृंगार एवं रात्रिकालीन उत्सव, रात्रि जागरण कर उनके द्वादश अक्षर के महामंत्र का जप किया जाता है। इस बार एकादशी तिथि 11 नवंबर को संध्याकाल 6 बजकर 46 मिनट पर शुरु होगी और 12 नवंबर की शाम को 4 बजकर 4 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में सूर्योदय से गणना की जाती है इसलिए 12 नवंबर यानी मंगलवार को देवउठनी एकादशी मनाया जाना श्रेयस्कर रहेगा। साधक नवंबर के दिन एकादशी का व्रत रख लक्ष्मी नारायणकी पूजा कर सकते है वहीं एकादशी व्रत का पारण 13 नवंबर को सुबह 6 बजकर 42 मिनट से लेकर 8 बजकर 51 मिनट के मध्य कर सकते है।



### शादी जैसे मांगलिक कार्य हो जाएंगे प्रारंभ





### इस दिन न तोड़े तुलसी पत्र

इस दिन प्रभु शालीग्राम और मां तुलसी का विवाह होने से तुलसी के पत्तों को तोड़ने की मनाही होती है। मान्यता है कि एकादशी के दिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान के बाद भगवान विष्णु की पूजा कर व्रत का संकल्प लें, विष्णु का आह्वान कर शाम को पूजा स्थल पर घी के 11 दीये देवी-देवताओं के समक्ष जलाएं।

### होगा तुलसी और शालिग्राम का विवाह



हर वर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के अगले दिन देवउठनी एकादशी मनाई जाती है। भगवान विष्णु को समर्पित इस पर्व में तुलसी के साथ शालिग्राम का विवाह किए जाने का विधान है। देवउठनी एकादशी पर घरों में तुलसी विवाह पर गन्ने का मंडप सजाकर भगवान विष्णु स्वरुप शालिग्राम व तुलसी की पूजा की जाएगी। आंवला, शकरकंद, बेर, सीताफल, सिंघाड़ा बैंगन व मूली आदि मौसमी फलों, सब्जियों व मिठाई की भोग लगाया जाएगा। पंडितों के अनुसार शुभ अमृत मुहूर्त में पूजा करने से शुभ फल मिलेगा। देवउठनी एकादशी के साथ चार महीने से सोये देवता जागेंगे और विवाह का सिलसिला शुरु हो जाएगा।

# गोपाष्टमी पर गौपूजाः मेंहदी की थाप, सिदूंर लगा पुष्पों से सजाया

**भिलाई।** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी के रूप में मनाया गया। गोपाष्टमी के अवसर पर ब्रजमंडल सेक्टर 6 भिलाई के राधाकृष्ण मंदिर परिसर में पंडित सरजू प्रसाद द्विवेदी द्वारा पालित गाय और बछड़े को प्रातः जल से स्नान कराकर मेंहदी का थाप लगाकर तथा अक्षत, रोली, सिन्दूर और पुष्प हार से सजाया गया।

गीता भवन स्थित राधा कृष्ण मंदिर में भगवान राधाकृष्ण की भी विशेष पूजा की गई। गौपूजन को पधारे श्रद्धालुओं ने भी गौमाता और बछड़े का श्रद्धापूर्वक पूजन किया और गौमाता को फल, मिष्ठान, गुड़ की भेली और हरा चारा खिलाया। गौमाता की परिक्रमा की और गौ चरण की धूल का तिलक लगाया। इस अवसर पर पंडित सरजू प्रसाद ने बताया कि आज के दिन का बड़ा महत्व है। आज ही के दिन भगवान कृष्ण ने गौचारण ( गौसेवा) प्रारंभ किया था। ऐसी मान्यता है कि 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास गाय में होता है। गौसेवा से ही मानव जाति का कल्याण होता है। गौपालन से प्राप्त दूध, गोबर और गोमूत्र से मानव जीवन में आरोग्यता प्राप्ति होती है। जीवन समृद्ध होता है। आज के दिन गौशाला में यथाशक्ति दान एवं ग्वालों को भी दान-दक्षिणा, भोजन इत्यादि अवश्य ही देना चाहिए।



- ब्रजमंडल सेक्टर-6 में आयोजन, की गई गौसेवा, पूरे दिन चला कार्यक्रम

# जैन भवन से. 6 में 14 से क्लासिकल नृत्य संगीत का आयोजन, पंजीयन 12 तक

**भिलाई।** जैन मिलन द्वारा संचालित और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त जैन कला केंद्र सेक्टर 6 में 14 से 17 नवंबर तक नादोत्सव जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। नादोत्सव 2024 एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन जैन भवन सेक्टर 6 में स्वर्णिम जयंती के रूप में किया जाना तय किया गया है। इस अवसर पर 14 नवंबर की सुबह 9 बजे स्वर एवं वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति का कार्यक्रम होगा। 15 नवंबर को कथक सेमी क्लासिकल और गैर क्लासिकल नृत्य का आयोजन होगा। 16 नवंबर को सुबह 9 बजे भरतनाट्यम का आयोजन होगा। 17 नवंबर को सुबह 10 बजे पारितोषिक वितरण के साथ समापन कार्यक्रम होगा। जैन कला केंद्र के प्रदीप जैन बाकलीवाल ने बताया कि जैन मिलन और जैन कला केंद्र के द्वारा इस स्वर्णिम जयंती आयोजन को सफल बनाने के लिए जैन मिलन और जैन कला केंद्र के सभी सदस्यों से इस आयोजन में अपनी सहभागिता देने की अपील की गई है। जैन मिलन के अध्यक्ष मुकेश जैन, मंत्री संजय चतुर, भागचंद जैन, ऋषभ जैन जैन, कला केंद्र के सभी सदस्य तैयारी में जुट गए हैं। प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अंतिम तारीख 12 नवंबर है। प्रतियोगिता में करीब 1 लाख रुपए के पुरस्कार बांटे जाएंगे। समापन समारोह में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

- विजेता प्रतिभागियों को किया जाएगा सम्मानित, 17 नवंबर तक होगी प्रतियोगिताएं

दुर्ग यातायात पुलिस का अभियान, फोरलेन पर हर रोज चलाई जा रही मुहिम

# भारी वाहन चालकों को ट्रैफिक पुलिस ने पढ़ाया नियमों का पाठ, रूल तोड़ने वालों को दे रहे समझाइश

कार्नर न्यूज

भिलाई। दुर्ग यातायात पुलिस ने हाईवे पर चलने वाले दोपहिया, चार पहिया और भारी वाहन चालकों को जागरूक करने अभियान शुरू किया है। इसके लिए हर दिन शाम के समय पुलिस के बड़े अधिकारियों की मौजूदगी में वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी जा रही है। विशेष रूप से भारी वाहन चालकों को ट्रैफिक रूल्स से अवगत कराया जा रहा है। वहीं ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वाले चालकों से जुर्माना भी वसूला जा रहा है। एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा के नेतृत्व में इस अभियान की शुरुआत की गई है। रात्रि गश्त के दौरान लगातार वाहनों की चेकिंग भी की जा रही है। विशेष रूप से ब्लैक स्पॉट पर वाहनों को रोक-रोककर ट्रैफिक नियमों के बारे में पूछा जा रहा है।



### जागरुकता अभियान के चलते अवैध परिवहन, कार्रवाई की

जागरुकता अभियान के दौरान जामुल बोगदा पुलिया, कुम्हारी एवं अहिवारा मार्ग में वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान कुम्हारी क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन करने वाले 07 वाहनों को कुम्हारी थाने में खड़े कराया गया। चेकिंग के दौरान 07 वाहनों में कमियां पाई गई। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात के निर्देश पर उप निरीक्षक यातायात जोन सिविक सेन्टर भिलाई द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने पर चालानी कार्यवाही कर जुर्माना वसूला गया। पुलिस के इस अभियान में बोगदा पुलिया जामुल, कुम्हारी एवं अहिवारा में भारी और मध्यम वाहनों को चेक करने पर जिन वाहनों में खामियां मिल रही हैं, उन पर भी कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में चलाया जा रहा अभियान

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर अभियान को शुरू किया गया है। पुलिस के आला अधिकारियों में ऋचा मिश्रा, सतीष ठाकुर, सतानंद विंध्यराज स्वयं फील्ड पर उतरकर सड़क दुर्घटना वाले क्षेत्रों में पहुंचकर वस्तु स्थिति की जानकारी ले रहे हैं। वाहन चालकों को समझाइश दे रहे हैं। हादसों को रोकने के साथ भारी चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर रहे हैं। उनके द्वारा निरंतर समझाइश भी दी जा रही है। ब्रेथ एनलाइजर से नशे की हालत में वाहन चलाने वालों की जांच की जा रही है।

### सीट बेल्ट लगाने और हेलमेट पर उपयोग करने अपील

पुलिस अधिकारियों ने लोकल वाहन चालकों से अपील की है कि वे नियमित रूप से कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट लगाएं। देखने में आया है कि बाहर की गाड़ियां सीटबेल्ट और हेलमेट का उपयोग कर रही हैं, लेकिन स्थानीय वाहन चालक ट्रैफिक के इस दोनों महत्वपूर्ण नियमों का पालन नहीं करते। इस वजह से हादसे में ज्यादा नुकसान उठाना पड़ता है।

## सिटी इवेंट

# प्रभातफेरी में कीर्तन करने नाम जपने का दे रहे संदेश



**भिलाई।** गुरुद्वारा श्री गुरु अर्जन देव हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में सिख संप्रदाय के संस्थापक आराध्य प्रथम गुरु नानक देव की 555वीं जयंती 15 नवंबर को मनाई जायेगी। इस अवसर पर उनके संदेशो को प्रभात फेरी निकालकर जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इसी कड़ी में नौवें दिन की प्रभातफेरी भी सुबह 4 बजे निकाली गई। नौवें दिन की प्रभातफेरी में कीर्तनों व लघु कथाओं के माध्यम से उनके उपदेश कीरत करो, नाम जपो, वंड छको का संदेश सभी श्रद्धालुओं को दिया गया। आज की प्रभातफेरी हाउसिंग बोर्ड के एमआईजी क्षेत्र में गुरु साहिबान की सवारी को अपने निवास में आमंत्रित करने वाले श्रद्धालु परिवारों के निवास पर जाकर वैश्विक एकता, कल्याण और सर्वत्र का भला होने की अरदास की गई। जिसमें कालोनी के अनेकों श्रद्धालु शामिल होकर उनके दिए उपदेशों को जीवन में आत्मसात करने का प्रण भी लिया। प्रभात फेरी का समापन वापस गुरुद्वारे में पहुंचकर हुआ। समापन पर सभी श्रद्धालुओं में गुरु साहिबान के संदेश के अनुसार कड़ाह प्रसाद एवं नाश्ते का वितरण किया गया।

- प्रकाश पर्व पर नौवें दिन की प्रभातफेरी में कीर्तनों व लघु कथा



### ईश्वर एक है का दिया संदेश

प्रभात फेरी में कीरत करो, नाम जपो, वंड के छको के संदेश के अंतर्गत गुरुजनों ने उपस्थित संगत को बताया गया की गुरु साहिबान ने अपने जीवन के अंतिम समय में 17 सालों तक पाकिस्तान में स्थित करतारपुर शहर में रहकर वे स्वयं अपनी मेहनत से खेती करके अन्न उगाते थे और अपनी पूरी कमाई गरीबों व जरूरतमंदों को भोजन करवाकर लंगर के रूप में बांट देते थे। साथ ही ईश्वर एक है का संदेश देते हुए कौमी एकता के रूप में प्रभु का नाम जपने की प्रेरणा भी सभी धर्मों के अनुयायियों को देते थे। हमेशा प्रभु की महिमा का ज्ञान कीर्तनों के माध्यम से करने की प्रेरणा देते थे। इसी परंपरा के अंतर्गत आज वर्तमान समय में सिख समाज युवा पीढ़ी को भी उनके मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने हेतु ब्रह्ममुहुर्त में नगर भ्रमण कर कीर्तन करते है। परमात्मा का नाम जपते हैं। समापन में वंड के छको के संदेश के अनुरूप मेहनत की कमाई दान में चढ़ा कर गरीबों और जरूरतमंदों को बांटकर लंगर खिलाते हैं।

## एजुकेशन इवेंट

# आजादी में जनजातियों का विशेष योगदान विषय पर दिया व्याख्यान



**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनजातीय गौरव माह के अंतर्गत जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. चांदनी मरकाम, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशालीनगर थी। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ डीसी अग्रवाल ने कहा कि भारत में जनजातीय छ.ग. के साथ ही दक्षिण भारत एवं पूर्वी भारत के सेवन सिस्टर्स (सात बहनें) राज्यों में सबसे अधिक पाये जाते हैं। भारत की आजादी में जनजातियों का विशेष योगदान रहा है। मुख्य वक्ता डॉ. चांदनी मरकाम ने कहा कि जनजाति समाज का इतिहास प्रारंभिक काल से ही गौरवपूर्ण रहा है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम एवं यहां के उत्कृष्ट सांस्कृतिक धरोहर को संजोने में हमारे जनजाति समाज का बहुमूल्य योगदान रहा है। आने वाली युवा पीढ़ी को जनजातीय समुदाय के गौरवशाली अतीत से अवगत कराने के लिए केंद्र सरकार विभिन्न सार्थक योजनाएं संचालित कर रही है, जबकि इनका इतिहास प्रारंभ से ही सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से सुदृढ़, बहुआयामी एवं समृद्ध रहा है। उन्होंने शहीद वीर नारायण, वीरांगना रानी दुर्गावती, भगवान बिरसा मुंडा, गुंडाधुर, गैंदसिंह आदि की वीर गाथाओं की छात्राओं को जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ यशश्वी ध्रुव, डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. अनुजा चौहान, ज्योति भरणे, जागृत ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ आरती सिंह राठौर ने एवं आभार प्रदर्शन डॉ मुक्ता बाखला ने किया। कार्यक्रम में विमल यादव का भी विशेष सहयोग रहा।

- शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ आयोजन



## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर-7 में एक दिवसीय व्याख्यान


# भगवान शिव ब्रह्मांड की सारी पॉजिटिविटी को अपने जीवन में धारण करे हुए हैं : ललित भाई

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय संस्था सेक्टर-7 के पीस ऑडिटोरियम में शनिवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। आयोजन में माउंटआबू से आए ललित भाई प्रमुख वक्ता थे। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था के संपर्क में आने के बाद मुझे राजयोगिनी निर्मल शांता दादी ने वरदान दिया कि जीवन में सदा मुस्कुराते रहो। मुझे लगा कि ये तो बहुत आसान है, लेकिन जैसे थाली से कपूर उड़ जाता है, वैसे ही छोटी-छोटी बातों से चेहरे की मुस्कान। ऐसे समय में हर समय चेहरे पर मुस्कान बनाए रखना बड़ा मुश्किल होता है। वे अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू के एकाउंट्स डिपार्टमेंट प्रमुख हैं। उन्होंने जीवन में सदा खुश और चेहरे पर मुस्कराहट के लिए इस सृष्टि रूपी बेहद चैतन्य नाटक (ड्रामा) के चार विशेषताओं को बताते हुए आपने कहा कि यह सृष्टि रूपी नाटक एक्यूरेट,फिक्स,न्यायकारी और कल्याणकारी है। मनुष्य थोड़ा ज्यादा बुद्धिशाली जीव है, लेकिन भगवान की प्लानिंग एक्यूरेट है। विशाल सृष्टि रूपी नाटक में सबका विशेष अपना अपना फिक्स पार्ट है,यह नाटक भगवान को पसंद है। समझदार व्यक्ति उपाय रास्ता खोजेगा, और नासमझ कारण, क्यों क्या, कैसे में लगा रहेगा।





### कलरफुल संसार की हर वैराइटी को करें एन्जॉय



ललित भाई ने कहा कि यह संसार विभिन्न स्वभाव संस्कार, भाषा संस्कृतियों से भरा हुआ है। लेट एस एंजॉय ऑफ वैराइटी। उन्होंने परमात्मा शिव के बारे में बताया कि शिव अर्थात सदा कल्याणकारी इस शब्द से ब्रह्मांड की सारी पॉजिटिविटी को अपने जीवन में धारण करे। तथा जिसे आप बदल नहीं सकते उसे स्वीकार करें।
सृष्टि रूपी ड्रामा न्यायकारी है, कर्म सिद्धांत है कि हमारा किया अच्छा या बुरा उसका फल अवश्य मिलता है। ललित भाई अपने दो दिवसीय प्रवास पर दुर्ग आए हुए है। एक दिन पहले उन्होंने बघेरा आनंद सरोवर में व्याख्यान दिया।

### मेडिटेशन पर दिया जोर, बताए फायदे, आशा दीदी ने कहा- योग से मिलती है मानसिक शांति

भिलाई सेवाकेंद्रो की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने ललित भाई की विशेषताओं को बताया। उन्होंने कहा कि वे ईमानदार, जिम्मेदार और आज्ञाकारी के गुणों से भरे हुए हैं। वे विशाल कार्य को योगयुक्त निमित्त बनकर सम्हाल रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर मेडिटेशन के फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संस्थान में प्रतिदिन मेडिटेशन कराया जाता है। इसके अलावा नियमित रूप से शिविरों का भी आयोजन होता है, जिसमें आध्यात्म, राजयोग के बारे में जानकारी दी जाती है।

## शिविर का आयोजन

# गणतंत्र दिवस परेड शिविर में भाग लेने सुरेश हुए रवाना

**भिलाई।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर भिलाई के प्रो सुरेश कुमार ठाकुर गणतंत्र दिवस पर आयोजित परेड का हिस्सा बनेंगे, जिसके लिए आयोजन के पूर्व आयोजित शिविर में में भाग लेने सुरेश रवाना हुए। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 के कार्यक्रम अधिकारी प्रो सुरेश कुमार ठाकुर सहायक प्राध्यापक, कंप्यूटर साइंस का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2024 सेंट्रल जोन के लिए किया गया है। वे हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से दल प्रभारी के रूप में पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस दल में पूरे प्रदेश से 28 स्वयं सेवक सहभागिता कर रहे है। यह शिविर 10 से 19 नवंबर तक पटना के बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बी.आई.टी) में आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में सेंट्रल जोन से कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले स्वयं सेवकों का चयन किया जाएगा। प्रो सुरेश ठाकुर की इस उपलब्धि ने महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय को गौरान्वित किया है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अलका मेश्राम एवं महाविद्यालय परिवार ने प्रो सुरेश ठाकुर को उनकी उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



- इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर के प्रोफेसर हैं सुरेश कुमार ठाकुर

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

**भिलाई।** कृष्णा पब्लिक स्कूल, दुर्ग में एक दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता रोमांच और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। वार्षिक खेलकूद का उद्घाटन डॉयरेक्टर मयंक शर्मा एवं प्रधानाचार्या इति शर्मा द्वारा विद्यालय ध्वज को फहराकर किया गया। स्कूल के डॉयरेक्टर मयंक ने बताया कि खेलकूद मानव जीवन का एक अभिन्न अंग और व्यक्तित्व एवं चारित्रिक विकास में सहायक होता है। उन्होंने अपने ऊर्जावान भाषण से विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया। छात्रों द्वारा विभिन्न फ़ील्ड प्रतिस्पर्धाएं जिनमें मार्च पास्ट, फुटबॉल, कबड्डी, टॅग ऑफ वार, शॉट पुट का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न ट्रैक कार्यक्रम 100 मीटर रेस, 400 मीटर रिले रेस हुए। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित सभी स्टाफ ने भी रेस में भाग लिया। पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को पदक और ट्रॉफी प्रदान की गईं। कार्यक्रण का संचालन निशा मेनन एवं पिंकी डडसेना ने किया।




## गौड़ ब्राह्मण समाज का आयोजन

# श्रीमद् भागवत, रामायण और सुंदरकांड पठन स्पर्धा आज

**भिलाई।** गौड़ ब्राह्मण समाज भिलाई द्वारा अग्रेसन भवन खुर्सीपार में आज सुबह 10 बजे से दीपावली मिलन समारोह व अन्नकूट भोग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। गौड़ ब्राह्मण समाज भिलाई के अध्यक्ष विजय शर्मा ने बताया कि गौड़ ब्राह्मण समाज के लोग अधिक संख्या में उपस्थित होकर दीपावली मिलन समारोह धूमधाम से मनाएंगे। उन्होंने बताया कि दिवाली मिलन समारोह के अंतर्गत चित्रकला, रंगोली और श्लोक पाठन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिताएं सुबह 10 बजे अग्रसेन भवन, खुर्सीपार भिलाई में आयोजित होगी। श्लोक पाठन प्रतियोगिता में श्रीमद् भागवत, रामायण और सुंदरकांड से श्लोकों का पाठन शामिल रहेगा। अध्यक्ष विजय शर्मा ने अधिक से अधिक गौड़ ब्राह्मण समाजजनों से उपस्थित होने का आग्रह किया।



- गौड़ ब्राह्मण समाज भिलाई दीपावली मिलन-अन्नकूट प्रसादी का आयोजन आज

# हिन्दी साहित्य भारती का विमोचन समारोह आज

**भिलाई।** हिन्दी साहित्य भारती दुर्ग के तत्वावधान में काव्य कृति विमोचन समारोह रविवार को सुबह श्रीजी माखन मिश्री बैंक्वेट हॉल महाराजा चौक आदर्श नगर दुर्ग में 11.30 बजे से किया गया है। इस दौरान राकेश गुप्ता, रूसिया की काव्य कृति धरोहर-इक गजल नामा का विमोचन किया जाएगा। जिसमें अतिविशिष्ट अतिथि गजेन्द्र यादव विधायक दुर्ग शहर और डॉ. परदेशी राम वर्मा साहित्यकार होंगे। वहीं अध्यक्षता शिक्षाविद् आचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा करेंगे। विशेष अतिथि बृजेश बिचपुरिया वरिष्ठ समाज सेवी भिलाई, डॉ. विजय गुप्ता मुन्ना कवि, डॉ. हंसा शुक्ला प्राचार्य, स्वरूपानंद शंकराचार्य कॉलेज भिलाई होंगे। इस दौरान समीक्षा आलेख डॉ. नौशाद सिद्दीकी सब एवं चन्द्रकांत साहू प्रस्तुत करेंगे। मंच संचालन मिर्जा इसराईल वेग शाद होंगे।

## चिकित्सकों ने बौद्ध धर्मगुरुओं और ग्रामीणों की चिकित्सा सेवा की

# समाज को लौटाने व समाज की ओर लौटने की भावना के साथ लगाया चिकित्सा शिविर

### कार्नर न्यूज

### 1000 से ज्यादा मरीजों का हुआ परीक्षण

**भिलाई।** बौद्ध धर्मगुरु भंते धम्म तप द्वारा राजनांदगांव की तपोभूमि मोहारा में आयोजित राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन में डॉ आंबेडकर स्वास्थ्य मिशन और इंडियन अंबेडकराइट डॉक्टर्स फेडरेशन छत्तीसगढ़ की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दुर्ग-भिलाई से प्रमुख चिकित्सकों ने अपनी भागीदारी दी और यहां लगभग एक हजार से ज्यादा मरीजों का चिकित्सीय परीक्षण कर दवाई वितरित की। चिकित्सकों ने शिविर में पहुंचे ग्रामीणों के बीच स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता संबंधी जानकारी भी साझा की।






### ग्रामीणों को मिली चिकित्सा सेवा, दवाओं का भी हुआ वितरण

इस दौरान संपूर्ण भारत तथा म्यांमार, बर्मा, चीन और थाईलैंड से आए बौद्ध धर्म गुरुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक ब्लड टेस्ट किया गया और दवाइयां वितरित की गई। छत्तीसगढ़ तथा महाराष्ट्र के दूर दराज से आए गांवों के लोगों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दी गई सेवाओं के लिए खुशी जाहिर करते हुए कहा कि डॉक्टरों द्वारा समाज के बीच में आकर अपनी सेवाएं देना एक जनहित आंदोलन है जिसमें मेडिकल स्पेशलिस्ट लोगों को हम अपने बीच में पाते हैं और उनसे खुलकर हर क्षेत्र में मार्गदर्शन ले सकते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि केवल पैसा दान कर देना या व्हाट्सएप पर ज्ञान देने से भी ज्यादा धरातल पर जाकर धर्म गुरुओं की और समाज के लोगों की सेवा करना चिकित्सकों की एक बड़ी पहल है। इस शिविर में डॉक्टर दिवाकर रंगारी, डॉ उदय धाबर्डे, डॉ अरविंद चौधरी, डॉ भूषण भोईर और डॉ अभिलाषा मिश्रा के साथ अन्य डॉक्टरों ने सेवाएं दी। 'समाज को लौटाने और समाज की ओर लौटने' की भावना के साथ लगाए गए इस चिकित्सा शिविर की संयोजक प्रेरणा धाबर्डे एवं अर्चना रंगारी सहित अनिल जोग का सहयोग रहा। एसएमएस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मेडिसिटी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल और भारत डायग्नोस्टिक सेंटर की पूरी टीम ने भी अपनी सेवाएं दी। आकस्मिक परिस्थितियों के लिए एंबुलेंस व्यवस्था भी की गई थी।

सिटी स्पोर्ट्स

## वान्या और अव्यक्त टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में



**रायपुर।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस संघ द्वारा ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट सीएस 3 अंडर-14 गर्ल्स एवम बॉयज 8 से 10 नवम्बर तक यूनियन क्लब एवम छत्तीसगढ़ क्लब में जारी है। इस टूर्नामेंट के टूर्नामेंट डायरेक्टर टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा एवम मुख्य निर्णायक रुपेंद्र सिंह चौहान है। दूसरे दिन के खेल में अंडर 14 आईटा चैंपियनशिप सीरीज के बालिका वर्ग के सेमीफ़ाइनल मुक़ाबले में ऐयान्न कपूर ने रीत बेगानी को 9-1 से शिकस्त दी। वान्या पुंढीर ने आराध्या पांडेय को 9-6 से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। बालक वर्ग के सेमीफ़ाइनल मुक़ाबले में विहार शरण भाटिया ने लक्ष्य अग्रवाल को 9-4 से शिकस्त दी और दूसरे मैच में अव्यक्त अग्रवाल ने तनाव्य गोयल को 9-6 से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। दोनों वर्गों के फाइनल मुक़ाबले रविवार 10 नवंबर को सुबह 9:30 बजे यूनियन क्लब में खेले जाएंगे। विजेताओ को टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा पुरस्कृत करेंगे।

## रणजी ट्रॉफी में रेलवे के विरुद्ध मैच ड्रा, छत्तीसगढ़ को मिली बढ़त



**रायपुर।** बीसीसीआई की ओर से रणजी ट्रॉफी 2024-25 का आयोजन 11 अक्टुबर से चल रहा है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच (06 - 09 नवंबर) शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में रेलवे टीम के विरुद्ध खेला गया। रेलवे ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 154.5 ओवरों में 9 विकेट खोकर 500 रन बनाये तथा पारी घोषित कर दी। छत्तीसगढ़ की ओर से संजित देसाई ने शानदार शतक लगाते हुये 110 रन बनाये। कप्तान अमनदीप खरे ने 88 रन तथा अनुज तिवारी ने 84 रनो का योगदान दिया। रेलवे की ओर से कर्ण शर्मा ने 3 विकेट, आदर्श सिंह तथा आकाश पांडे ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। रेलवे ने अपनी पहली पारी में 111.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 351 रन बनाये। रेलवे की ओर से एस ए आहुजा ने 135 रन तथा विवेक सिंह ने 86 रन बनाये। वही छत्तीसगढ की ओर से रवि किरण ने 5 विकेट, वासुदेव बरेथ ने 3 विकेट तथा अजय मंडल ने 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ ने अपनी दूसरी पारी 32 ओवरों में 5 विकेट पर 129 रन बनाकर घोषित कर दी। छत्तीसगढ की ओर से संजित देसाई ने नाबाद 51 रन बनाये। वहीं रेलवे की ओर से युवराज ने 3 तथा आदर्श सिंह ने 2 विकेट प्राप्त किये। 279 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे ने खेल समाप्त होने तक 7.4 ओवरों में 1 विकेट खोकर 35 रन ही बनाये। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। पहली पारी में बढत के आधार पर छत्तीसगढ़ ने 3 अंक अर्जित किये।

## सीके नायडू ट्रॉफी में हर्ष ने यूपी के खिलाफ जड़ा नाबाद शतक




**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा मेंस अंडर 23 सीके नायडू ट्रॉफी का आयोजन 13 अक्टूबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच (08 से 11 नवंबर) तक कानपुर में उत्तर प्रदेश के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 81 ओवरों में 8 विकेट खोकर 248 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ की ओर से हर्ष साहु ने शानदार शतक लगाते हुये 108 रन नाबाद बनाए।. उनके अतिरिक्त आशीष डहरिया ने 37 तथा मयंक यादव ने 25 रन बनायें। उत्तर प्रदेश की ओर से कुनाल त्यागी तथा विनय कुमान ने 3-3 विकेट प्राप्त किए।

### ठंड के मौसम में प्रदूषण से फेफड़ों पर पड़ती है दोहरी मार

# बढ़ता प्रदूषण बन रहा है कैंसर के फैलाव की वजह, ज्यादा सावधान रहने की जरूर

आप वायु प्रदूषण के संपर्क में जितना ज्यादा रहेंगे, फेफड़ों के कैंसर का जोखिम उतना ही अधिक होगा। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया है कि सिर्फ बाहरी ही नहीं इनडोर प्रदूषण के कारण भी लंग्स कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। वायु प्रदूषण, स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। पिछले एक महीने से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर सहित कई पड़ोसी राज्य प्रदूषण की मार झेल रहे हैं। शनिवार 9 नवंबर को सुबह 9 बजे दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 367 रहा, जिसे 'बहुत खराब' श्रेणी वाला माना जा रहा है।सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) ने एक निष्कर्ष में कहा है कि वाहनों से निकलने वाला धुआं, पराली जलाने, सड़क की धूल या पटाखों के कारण दिल्ली में प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ गया है। सभी लोगों को प्रदूषण से बचाव को लेकर निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। अध्ययनों में वायु प्रदूषण को सेहत के लिए कई प्रकार से हानिकारक माना गया है। श्वसन समस्याओं के साथ हृदय और मस्तिष्क की बीमारियां भी वायु प्रदूषण के कारण बढ़ती देखी जा रही हैं। कुछ शोध बताते हैं कि प्रदूषित वातावरण में लंबे समय तक रहने से कैंसर का भी खतरा हो सकता है। आइए इस बारे में जानते हैं।





### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

कैंसर रिसर्च यूके ने एक रिपोर्ट में बताया, वायु प्रदूषण में कई प्रकार के सूक्ष्म और हानिकारक कणों का मिश्रण होता है, जो शरीर में पहुंचकर कई प्रकार के स्वास्थ्य जोखिमों को बढ़ाने वाला हो सकता है। उदाहरण के लिए, फेफड़ों में छोटे कण जमा होकर कोशिकाओं में डीएनए को नुकसान पहुंचाते देखे गए हैं। इससे कोशिकाओं के विभाजन का तरीका बदल जाता है, जिससे कैंसर हो सकता है। यूरोप में फेफड़ों के कैंसर से होने वाली 9% मौतों के लिए वायु प्रदूषण को जिम्मेदार माना गया है। भारत में, धूम्रपान न करने वालों में फेफड़ों के कैंसर के मामलों में हाल में वृद्धि देखी गई है। इनमें से ज्यादातर लोगों का प्रदूषित वातावरण से संपर्क अधिक देखा गया।

### धूम्रपान और प्रदूषण दोनों से लंग्स कैंसर का खतरा

कैनेडियन कैंसर सोसाइटी ने एक रिपोर्ट में कहा कि हम जानते हैं कि फेफड़ों के कैंसर के लिए धूम्रपान सबसे बड़ा जोखिम कारक है। अब इस बात के भी पुख्ता सबूत हैं कि बाहरी वायु प्रदूषण भी फेफड़े के कैंसर के जोखिम को बढ़ा रही है। आप वायु प्रदूषण के संपर्क में जितना ज्यादा रहेंगे, फेफड़े के कैंसर का जोखिम उतना ही अधिक होगा। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया है कि सिर्फ बाहरी ही नहीं इनडोर प्रदूषण के कारण भी लंग्स कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। घर के अंदर की हवा में मौजूद रेडॉन गैस को इसके लिए जिम्मेदार पाया गया है।

### प्रदूषण से करें बचाव

अध्ययनकर्ता कहते हैं, वायु प्रदूषण संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। लैंसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज 2024 के अनुसार साल दर साल बढ़ता वायु प्रदूषण श्वसन और हृदय संबंधी बीमारियों, फेफड़ों के कैंसर, मधुमेह, तंत्रिका संबंधी विकार, गर्भावस्था की दिक्कतों को तो बढ़ा ही रहा है साथ ही इससे वैश्विक स्तर पर मृत्यु के मामलों में भी उछाल आया है। सभी लोगों के लिए जरूरी है कि आप प्रदूषण से बचाव करें और बाहर जाते समय मास्क जरूर पहनें।

## सीनियर तथा होप्स में रोमांचक मुकाबले अर्जुन और सिया पहुंचे फाइनल में

### 22वीं स्टेग छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता

**रायपुर।** रायपुर में 22वीं स्टेग छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 में शनिवार को सीनियर पुरुष एवं महिला एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एवं बालिका एकल वर्ग अंतिम दौर के मुकाबले खेले गए। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के सहयोग से सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा में 7 नवम्बर से शुरू हुई प्रतियोगिता 10 नवंबर तक चलेगी।

शनिवार को सीनियर पुरुष एकल वर्ग में अर्जुन मल्होत्रा ने क्वार्टर फायनल में प्रथम वरीयता प्राप्त सागर घाटगे को हराकर प्रतियोगिता का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुये सेमी फायनल राजीव साहू को हराकर फायनल में प्रवेश किया । सीनियर महिला एकल वर्ग में सिया मेघानी (बिलासपुर) ने प्रथम वरीयता प्राप्त प्रज्ञा पाठक (दुर्ग) को हराकर प्रतियोगिता का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुये फायनल में प्रवेश किया। सीनियर पुरुष एवं महिला एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एवं बालिका एकल वर्ग के अंतिम दौर



के मुकाबले जारी हैं। प्रतियोगिता में अभी तक खेले गए मैचों में सीनियर पुरुष एकल वर्ग सेमीफायनल-अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर) ने राजीव साहू (रायपुर) को 4-0 हराकर पहली बार फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफायनल में प्रणय चौहान (रायपुर) एवं आदित्य जैन (दुर्ग) के मध्य मैच जारी है। सीनियर महिला एकल वर्ग में सेमीफायनल सुष्मिता सोम (बिलासपुर) ने सुरभि मोदी (रायपुर) को 4-1 तथा सिया मेघानी (बिलासपुर) ने प्रज्ञा पाठक (दुर्ग) को 4-3 से हराकर फायनल में प्रवेश किया। यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक वर्ग सेमीफायनल में अथर्व साहू (दुर्ग) ने नीरव तिवारी (रायपुर) को 3-0 तथा तुसार सोना (दुर्ग) ने अद्विक सिंह (रायपुर) को 3-1 से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया। यूथ अंडर-11 (होप्स) बालिका वर्ग सेमीफायनल में अक्षिता बीनू (बिलासपुर) ने मुग्धा बेनर्जी (कोरबा) को 3-0 तथा आरुषी मढ़रिया (दुर्ग) ने शोभना रक्षिता (दुर्ग) को 3-1 से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रदीप जोशी एवं सहायक मुख्य निर्णायक विमल नायर, शिशिर गुप्ता और प्रवीण निरापुरे हैं।

## चावल का आसान उपाय, दूर हो जाएगी घर से पैसों की समस्या



कड़ी मेहनत के बावजूद लोगों को शिकायत रहती है कि हमें पूरा फल नहीं मिला, लेकिन चावल के इस उपाय से आप अपनी समस्याओं का निपटारा कर सकते हैं। चावल से जुड़े इन उपाय के बारे में आइए ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

**इस तरह होगी धन की कमी दूर होगी:** अक्षत यानी पूजा में साबुत चावल का उपयोग किया जाता है। हर दिन पूजा की थाली में सफेद चावल के कुछ दाने रखे ही जाते है, इतना ही नहीं पूजा करते समय भगवान को लाल टीके के बाद चावल भी माथे पर लगाया जाता है। दरअसल, अक्षत का अर्थ से धन की कमी दूर करने से है।

**देवी लक्ष्मी को प्रसन्न करने का अचूक उपाय:** धन की देवी लक्ष्मी की कृपा पाने सुबह जल्दी उठकर साफ लाल रेशमी कपड़े में चावल के 21 अखंडित दानों को रख देना है। अखंडित से अर्थ है कि एक भी चावल टूटे नहीं होने चाहिए। इस कपड़े में गांठ बांधकर इसे आप अपनी तिजोरी में रख दें। फिर मां लक्ष्मी को भोग लगाएं और उनकी आरती करें।



## जोड़ों के दर्द से राहत दिलाएंगे ड्राई फ्रूट्स

बदलते मौसम में ब्लड सर्कुलेशन स्लो हो जाता है, जिससे जोड़ों में दर्द सताने लगता है। ऐसे में आप ड्राई फ्रूट्स को डाइट में शामिल करके दर्द और सूजन को कम कर सकते हैं। अपनी डाइट में अखरोट, अंजीर, बादाम, किशमिश जैसे ड्राई फ्रूट्स को शामिल करें। आपको 7 दिनों में ही खुद में बदलाव दिखाई देने लगेगा। जोड़ों के दर्द से जीवन मुश्किल हो जाता है। यहां तक कि रोजमर्रा के काम करने में भी परेशानी होती है। जोड़ों में लुब्रिकेशन की कमी और कार्टिलेज का घिसना जोड़ों के दर्द के मुख्य कारण हैं। बदलते मौसम में दर्द बढ़ जाता है। लेकिन, आप हेल्दी डाइट की मदद से जोड़ों के दर्द को कम कर सकते हैं।

आपको ऐसे ड्राई फ्रूट्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें भिगोकर खाने से आपको फायदा हो सकता है। ये, जरूरी न्यूट्रिएंट्स और विटामिन्स से भरपूर हैं। मैंने इस रूटीन को आजमाया है और इससे फायदा पाया है। अब आपके जोड़ों के दर्द को अलविदा कहने की बारी है।



### अखरोट

अखरोट ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होने के कारण दर्द को कम करता है। इसके अलावा, इसमें कई तरह के न्यूट्रिएंट्स जैसे हेल्दी फैट, फाइबर, विटामिन्स और मिनरल्स होते हैं, जो जोड़ों के दर्द और सूजन को कम करते हैं।

### अंजीर

अंजीर वात दोष को कंट्रोल करता है। यह दोष जोड़ों के दर्द का सबसे बड़ा कारण है। साथ ही, अंजीर में मौजूद कैल्शियम हड्डियों और जोड़ों को मजबूत बनाता है और दर्द से राहत देता है। इसके अलावा, अंजीर में फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है। इससे पेट आसानी से साफ होता है।



### बादाम

अखरोट की तरह बादाम से भी आप जोड़ों के दर्द और सूजन को कम कर सकते हैं। बादाम में मोनोसैचुरेटेड और पॉली सैचुरेटेड जैसे गुड फैट्स के साथ ओमेगा-3 फैटी एसिड और फाइबर जैसे न्यूट्रिएंट्स होते हैं। इसके अलावा, इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण दर्द को कम करते हैं।

### किशमिश

तुरंत एनर्जी देने के अलावा, किशमिश जोड़ों के दर्द और सूजन को कम करती हैं। ये डाइटरी फाइबर और फाइटोकेमिकल्स का सबसे अच्छा स्रोत हैं। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं।

### खजूर

भीगे खजूर खाने से कैल्शियम के साथ फाइबर, सेलेनियम, पौटेशियम, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम और कॉपर मिलता है, जिससे हड्डियां मजबूत होती हैं। इससे जोड़ों के दर्द और कमजोरी से राहत मिलती है। इसके अलावा, खजूर के एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों के कारण यह जोड़ों के दर्द से परेशान लोगों के लिए अच्छा होता है।

कार्नर न्यूज

### भगवान विष्णु के चार महीने की योग निद्रा से जागने का दिन है एकादशी

# तुलसी विवाह की तैयारी में रखें कुछ जरूरी बातों का खास ध्यान, आएगी खुशहाली

तुलसी विवाह दीपावली के बाद आने वाली पहली एकादशी तिथि को मनाया जाता है। ये पर्व न केवल तुलसी के पौधे के प्रति श्रद्धा को दर्शाता है, बल्कि इसे पर्यावरण और प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करने का प्रतीक भी माना जा सकता है। हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को तुलसी विवाह का पर्व मनाया जाता है। इस साल 12 नवंबर को तुलसी विवाह का त्योहार है। इस दिन देवउठनी एकादशी या प्रबोधिनी एकादशी भी होती है, जो भगवान विष्णु के चार महीने की योग निद्रा से जागने का दिन माना जाता है। इस दिन को अत्यंत शुभ और पवित्र माना जाता है, और इसी दिन तुलसी विवाह का आयोजन किया जाता है।



### तैयारी और सजावट

तुलसी विवाह से पहले तुलसी के पौधे को एक सुंदर गमले या बर्तन में सजाया जाता है। पौधे को विवाह के लिए तैयार किया जाता है और दुल्हन की तरह सजाया जाता है। रंग-बिरंगी चुनरी, श्रृंगार की सामग्री, फूलों की माला और कागज के आभूषण तुलसी के पौधे पर सजाए जाते हैं। वहीं भगवान शालिग्राम की मूर्ति को दूल्हे के रूप में सजाया जाता है।

### भोग और प्रसाद वितरण

विवाह की रस्में पूरी होने के बाद तुलसी जी को विभिन्न प्रकार के पकवान, मिठाई और विशेष प्रसाद अर्पित किया जाता है। तुलसी विवाह के प्रसाद में विशेष रूप से शुद्ध और सात्विक खाद्य पदार्थ होते हैं। बाद में यह प्रसाद सभी भक्तों में वितरित किया जाता है।

### तुलसी विवाह के दौरान रखें इन पांच बातों का ध्यान

शादी में लाल रंग का जोड़ा बहुत शुभ माना जाता है। तुलसी जी के विवाह में भी लाल रंग के वस्त्र अर्पित करें। लोक मान्यता है कि माता तुलसी सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद देंगी और परिवार में खुशहाली बनी रहेगी। तुलसी विवाह में तिल का उपयोग करें। माता तुलसी का पौधा जिस गमले में लगा हो, उसमें शालिग्राम भगवान को रखें और फिर तिल चढ़ाएं। तुलसी जी और शालिग्राम महाराज पर दूध में भीगी हल्दी को लगाएं। तुलसी विवाह की पूजा में इसे शुभ माना जाता है। तुलसी विवाह के दौरान तुलसी के पौधे की 11 बार परिक्रमा करनी चाहिए। इससे वैवाहिक जीवन में खुशहाली बना रह सकती है। तुलसी विवाह में शुद्ध और सात्विक भोग अर्पित करें।



**फिल्म इवेंट**

## हॉलीवुड

# 11 नामांकनों के साथ शीर्ष पर बेयोंसे, ग्रैमी पाने दिग्गजों में होड़



67वें ग्रैमी अवॉर्ड्र्स के लिए नामांकनों की घोषणा की 8 नवंबर को कर दी गई। इस बार भी पुरस्कार पाने वालों की रेस में कई बड़े नाम हैं। एल्बम, गाने और रिकॉर्ड ऑफ द ईयर सहित 11 नामांकनों के साथ बेयोंसे इस सूची में शीर्ष पर हैं। इलिश, केंड्रिक लैमर, पोस्ट मेलोन और चार्ली एक्ससीएक्स सात-सात नामांकनों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि टेलर स्विफ्ट, चैपल रोआन और सबरीना कारपेंटर छह-छह नामांकनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, लिवरपूल के एक छोटे से ग्रुप ने भी इस बार बड़ा कारनामा कर दिखाया है। द बीटल्स का गाने 'नाऊ एंड देन' नामांकन पाने में कामयाब रहा है। प्रतिष्ठित एल्बम ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए बेयोंस का काउबॉय कार्टर, स्विफ्ट का द टॉर्चर्ड पोएट्स डिपार्टमेंट, कारपेंटर का शॉर्ट एन स्वीट, इलिश का हिट मी हार्ड एंड सॉफ्ट, चार्ली एक्ससीएक्स का ब्रैट, जैकब कोलियर का डीजेसी वॉल्यूम 4, आंद्रे 3000 का न्यू ब्लू सन और चैपल रोआन का द राइज एंड फॉल ऑफ ए मिडवेस्ट प्रिंसेस इस बार नामांकित है। ट्रेलर स्विफ्ट के पास अब तक 14 ग्रैमी में से चार एल्बम ऑफ द ईयर अवॉर्ड हैं , पिछले साल मिडनाइट्स के लिए पुरस्कार जीतने के बाद उन्होंने फ्रैंक सिनात्रा, स्टीवी वंडर और पॉल साइमन को पीछे छोड़ दिया था। वहीं, बेयोंसे ने अब तक सबसे अधिक 32 ग्रैमी अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। हालांकि, चार नामांकन के बावजूद वह कभी एल्बम पुरस्कार नहीं जीत सकी हैं।

## टॉलीवुड

# धनुष के बाद 'अमरन' में मिला कमल का साथ, अब क्या 'कुली' में नजर आएंगे शिव



साउथ अभिनेता शिव कार्तिकेयन इन दिनों 'अमरन' की सफलता को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। वे फिल्म की सफलता का उत्साह के साथ जश्न मना रहे हैं। इस वॉर बायोपिक ड्रामा 'अमरन' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन भी किया है। यह फिल्म अभिनेता के करियर के लिए महत्वपूर्ण भी साबित हुई है, जिसने उन्हें स्टार के रूप में सबसे सामने खड़ा कर दिया है। अभिनेता की इस उपलब्धि के हकदार सुपरस्टार कमल हासन भी हैं, जिन्होंने 'अमरन' का निर्माण किया है। कई दफा फिल्म के प्रचार के साथ शिवकार्तिकेयन कमल हासन की प्रशंसा करते हुए उनका शुक्रिया अदा कर चुके हैं। ऐसे में चलिए आज शिवकार्तिकेयन से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातों के बारे में जानते हैं। 5 वर्षों की छोटी सी अवधि में अभिनेता शिवकार्तिकेयन ने तमिल फिल्म उद्योग में तूफान ला दिया है। उन्होंने एक स्टैंड-अप कॉमेडियन के रूप में शुरुआत की, फिर एक टेलीविजन अभिनेता गए, जिसके बाद उन्होंने फिल्मों में कदम रखा और अंततः कॉलीवुड के उभरते सितारे बन गए। शिवकार्तिकेयन अपने पिता जी. डॉस की तरह एक ईमानदार पुलिस अधिकारी बनना चाहते थे। हालांकि, अपने पिता की मृत्यु के बाद, उन्होंने इस पेशे में रुचि खो दी। 2015 में उन्होंने 'काकी सत्ताई' में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाकर अपने पिता को ऑन-स्क्रीन श्रद्धांजलि दी। शिवकार्तिकेयन का जीवन में कोई निश्चित लक्ष्य नहीं था। पुलिस अधिकारी बनने का विचार त्यागने के बाद उन्होंने इंजीनियरिंग करने का निर्णय लिया, लेकिन बाद में उन्हें एहसास हुआ कि यह उनके लिए उपयुक्त नहीं है।

## भोजपुरी

# अक्षरा ने अपनी मनौती साझा की फैंस के साथ, मिली तारीफ



अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने पहली बार छठ पूजा की। शादी से पूर्व छठ व्रत करने पर उन्हें ट्रोल भी किया गया, लेकिन अभिनेत्री ने इसका भी मुंहतोड़ जवाब दिया और कहा कि इतना बड़ा पर्व शादी का मोहताज नहीं है। लोक आस्था के पर्व के सेलिब्रेशन की झलिकयां अक्षरा लगातार फैंस के साथ साझा कर रही हैं। उन्होंने दूसरे दिन खरना की वीडियो साझा की है। साथ ही उन्होंने छठी मईया से देशवासियों की खुशहाली के लिए मनौती भी मांगी है।

अक्षरा सिंह के छठ व्रत करने पर जहां कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं, वहीं फैंस उनके साथ खड़े हैं। यूजर्स लिख रहे हैं, 'जय हो छठी मैया, छठी मैया का आशीर्वाद दीदी आप पर और आपके घर के हर सदस्य पर सदैव बना रहे'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'छठ सिर्फ एक पर्व नहीं, यह इमोशन है। इसका इंतजार एक बिहारी अपने जन्मदिन से भी ज्यादा बेकरारी से करता है'। अक्षरा सिंह भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार हैं। सोशल मीडिया पर भी उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। इंस्टाग्राम पर उन्हें 6.6 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो अक्षरा की आगामी फिल्म 'जानू आई लव यू' है।

**फैशन की ऊंचाई**


**लाइफ स्टाइल**



हर फ़ैशन शो इवेंट का केंद्र बिंदु स्टेज होता है। दर्शक वहाँ शो देख सकते हैं क्योंकि मॉडल यहां डिज़ाइनर की हाल की कृतियों को प्रदर्शित करते हैं। पूरे इवेंट का मूड एक ऐसे स्टेज से तय किया जा सकता है जिसे सोच-समझकर डिज़ाइन किया गया हो। पिछले दिनों मुंबई फैशन वीक में मॉडल्स अपने डिजाइन प्रदर्शित करते हुए अपनी ऊंचाई को भी खूबसूरती से दर्शा रही थी।

# बदलते मौसम में फटने लगे हैं होंठ, तो उठाए यह कदम

नवम्बर का महीना चल रहा है। ऐसे में सर्दियों ने दस्तक दे दी है। होंठों को भी त्वचा



की ही तरह बदलते मौसम में अतिरिक्त केयर की जरूरत होती है। अगर नारियल के तेल से मिलने वाले फायदों की बात करें तो इसमें ओमेगा-3 होता है जो कि आपकी स्किन में अंदर से नमी को लॉक करता है।

इसके साथ ही ये एक तरह के हीलर की तरह काम करता है, जो होंठों के लिए काफी फायदेमंद होता है। अगर आप नारियल के तेल से अपने होंठों पर मसाज करेंगे तो इससे आपको फायदा जरूर मिलेगा। इससे लिए सबसे पहले टूथ ब्रश को गीला करें और हल्के हाथ से होठों को रगड़ें। इससे होंठों की डेड स्किन निकल जाएगी। अगर आप जल्दी फटे होंठों से राहत पाना चाहते हैं तो नारियल के तेल में हल्का सा जैतून का तेल मिलाएं। अब इसे आप हर रोज सोने से पहले अपने होंठों पर लगा सकते हैं। जिस तरह ज्यादातर लोग लिप बाम का इस्तेमाल करते हैं, ठीक उसी तरह से आप भी नारियल के तेल को लिप बाम की तरह अपने होंठों पर लगा सकते हैं। इससे आपको फायदा जरूर मिलेगा।



# त्यौहारों पर दिखाना है जलवा तो पहन सकती हैं इस तरह की डिजाइनर साड़ियां



फैशन



त्यौहार हर विवाहित महिला के लिए बेहद खास होता है। भारतीय विवाहित त्यौहारों को मनाना कभी नहीं भूलतीं। अपने हर त्यौहार को खास बनाने के लिए महिलाएं कई श्रृंगार करती हैं और नई-नई साड़ी पहनती हैं। आज कुछ डिजाइनर साड़ी पर बात की जाए। ये सभी साड़ियां आपको आसानी से बाजारों में मिल जाएंगी।

### सीक्वेन साड़ी

अगर आप करवा चौथ पर ग्लैमरस दिखना चाहती हैं तो इस तरह की सीक्वेन साड़ी कैरी करें। ये देखने में काफी प्यारी लगती हैं।

### सिल्क साड़ी

अगर ये आपका पहला करवा चौथ व्रत है तो लाल रंग की सिल्क की साड़ी आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। ये देखने में बेहद खूबसूरत लगती है।

### रफल साड़ी

इस तरह की साड़ी आपको किसी डिजाइनर शोरूम पर ही मिलेगी। ऐसी साड़ियां काफी क्लासी लगती हैं। आप इन्हें ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं।



### फ्लोरल प्रिंट

अगर आप कुछ सिंपल पहनना चाह रही हैं तो इस तरह की फ्लोरल प्रिंट की साड़ी आपके लिए परफेक्ट है। ये देखने में भी काफी खूबसूरत लगती है।

### शिफॉन साड़ी

अगर आपको लाल साड़ी ही पहननी तो हैवी ब्लाउज के साथ इस तरह की शिफॉन की साड़ी आप पहन सकती हैं।

**आर्गेंजा साड़ीः** इस तरह की साड़ियां काफी हल्की होती है लेकिन इन्हें कैरी करना थोड़ा मुश्किल होता है। दरअसल, इन्हें पहनते वक्त आपको कई पिन की जरूरत पड़ेगी। वरना ये खिसकती रहेगी। ये देखने में काफी क्लासी लगती हैं।

# फेस्टिव आउटफिट्स के साथ खूब जचेंगे लिपस्टिक के ये खास शेड्स



कई बार जल्दबाजी में तैयार होते समय हम अपने लिए लिपस्टिक के सही कलर नहीं चुन पाते हैं और इसी के कारण अपने लुक को बिगाड़ लेते हैं। तो कुछ ऐसे लिप शेड्स जिन्हें आप खास इस फेस्टिव सीजन के लिए कर सकती हैं ट्राई और लगा सकती हैं अपने लुक में चार चांद। अगर आप बोल्ड कलर के शेड्स लगाना पसंद करती हैं तो रेड फैमिली शेड में से मैरून कलर को चुन सकती हैं। हालांकि मैरून कलर में भी कई शेड्स आपको मिल जाएंगे, लेकिन आप किसी भी कलर को चुनने से पहले अपनी स्किन टोन का खास ख्याल रखें। बाकी यह कलर लगभग हर स्किन टाइप पर खूबसूरत नजर आता है।

वहीं अगर आप मैट कलर से बोर हो गई हैं और ग्लॉसी लुक की तरफ जाना चाहती हैं तो इस तरह से किसी भी न्यूट्रल कलर की लिपस्टिक लगाकर होंठों पर ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं। लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप बेस मेकअप पर भी थोड़ा बहुत ध्यान जरूर दें।

आजकल ब्राउन कलर की लिपस्टिक को काफी पसंद किया जाने लगा है और यह कलर लगभग हर स्किन टोन पर खूबसूरत नजर आता है। वहीं इस कलर पैलेट में आपको न्यूड शेड्स से लेकर डार्क और बोल्ड लुक देने वाले भी ब्राउन कलर आसानी से मिल जाएंगे।

ब्लश पिंक लिपस्टिक कलर खासकर फेयर स्किन टोन पर खूबसूरत नजर आता है। वहीं इस लिप कलर को आप हल्का-फुल्का बेस मेकअप करके ही होंठों पर लगाएं। ऐसा करने से आपका चेहरा बेहद खिला हुआ नजर आने लगेगा। साथ ही ब्लश के लिए भी आप ब्लश पिंक कलर को ही चुनें।

# आसान विधि से घर पर तैयार करें बॉडी लोशन



सर्दिया शुरू होते ही लोगों को त्वचा से संबंधी दिक्कतें काफी परेशान करने लगती हैं। भले ही सर्दियों का मौसम हर किसी को पसंद आता हो, लेकिन इसी मौसम में हर कोई अपनी रूखी त्वचा से काफी परेशान रहता है। इसके लिए बहुत से लोग बाजार में मिलने वाले बॉडी लोशन इस्तेमाल करते हैं।

बाजार में आज के समय हर स्किन टाइप के हिसाब से बॉडी लोशन मिलते हैं लेकिन कई बार ऐसा होता है कि ये बहुत से लोगों को सूट नहीं करते। बहुत से लोग इन बॉडी लोशन को इस्तेमाल करने से बचते हैं। ऐसे में आप चाहें तो घर पर ही बॉडी लोशन तैयार कर सकते हैं। घर पर तैयार किया गया बॉडी लोशन केमिकल रहित होगा, ऐसे में इसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा पर किसी तरह का खतरा नहीं मंडराएगा।

घर पर बॉडी लोशन बनाने के लिए सबसे पहले एक डबल बॉयलर में शिया बटर, कोकोआ बटर, नारियल तेल और जोजोबा या बादाम तेल को डालें। इन सभी को पिघलाते हुए लगातार चलाते रहें, ताकि सभी चीजें अच्छी तरह से मिक्स हो जाएं।

इसके बाद जब सभी चीजें पिघल जाएं और अच्छी तरह मिल जाएं, तब इस मिश्रण को आंच से हटा लें। आंच से हटाने के बाद इसमें आवश्यक तेल की बूंदें डालें और अच्छे से मिलाएं। यदि तेल अच्छी तरह से मिक्स नहीं होगा, तो पूरे मिश्रण में इसकी खुशबू नहीं आएगी। इसके बाद अब मिश्रण को फ्रीजर में 10-15 मिनट के लिए रखें। बस ध्यान रखें कि ये पूरी तरह से जमकर टाइट न हो जाए। हल्का जमने पर इसे फ्रीजर से निकालें और फिर हैंड मिक्सर या व्हिस्क की मदद से फेंटें। इससे बॉडी लोशन का टेक्चर बिगड़ जाएगा।

बस अब आपका बॉडी लोशन तैयार है। इसे एक साफ जार में रखें। यह लोशन कमरे के तापमान पर कई हफ्तों तक ताजा रहेगा। आप इस लोशन को रोज नहाने के बाद अपनी त्वचा पर लगा सकते हैं। यह त्वचा को हाइड्रेट करेगा और उसे मुलायम बनाएगा।

**कार्नर न्यूज**

**परफेक्ट लुक के लिए जैकेट को करें नए तरीके से स्टाइल**

# जैकेट को स्टाइल करने का ढंग होता है अलग-अलग, इससे आपका 'फैशन गेम' होगा परफेक्ट

जैकेट पहनना सबको ही पसंद होता है। इसलिए तो तकरीबन हर किसी के पास एक जैकेट होती ही है। आपके पास भी होगी। लेकिन इस जैकेट को पहनने के बाद आपका लुक भी परफेक्ट होता है क्या?




अगर नहीं तो कुछ खास ड्रेसिंग टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं। ये वो टिप्स हैं जो जैकेट को स्टाइल करना सिखाएंगे। ये बताएंगे कि आप किन-किन तरीकों से जैकेट को बेहतर स्टाइल कर सकते हैं। इन टिप्स के साथ आपका फैशन गेम परफेक्ट होगा इस बात की गारंटी है-

वैसे एक्सपर्ट की मानें तो जैकेट हर ड्रेस के साथ अच्छी लगती ही है। बस शर्त इतनी है कि ड्रेस कैजुअल होनी चाहिए और ओवर साइज़ भी। गर्मी के लिए जैकेट को स्टाइल करना है तो आपकी स्ट्राइप वाली शर्ट को लुक में शामिल कर लीजिए। इसके साथ आप कैजुअल और हॉलिडे मोड में आ जाएंगे। लेकिन इसके साथ नार्मल पैंट या जींस की जगह चीनोस पहनिए आपका लुक बेस्ट आएगा।

जब आपको स्मार्ट कैजुअल लुक चाहिए हो तो आप फॉर्मल पैंट के साथ जैकेट को मैच करें, लुक अच्छा दिखेगा।

जैकेट के साथ सफ़ेद टीशर्ट का कॉम्बो तो आपको पता ही होगा। इसे जरूर ट्राई करें बस लोअर में जींस न पहनकर ब्लैक पैंट ही पहनें। शॉर्ट के साथ भी डेनिम जैकेट पहनी जा सकती है। इसके लिए स्नीकर और प्रिंटेड शर्ट को इसका साथी बनाइए और देखिए, ये लुक कैसे दोस्तों के बीच आपको पॉपुलर कर देता है, देखिएगा।

